आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार — यश भारत — 16 वें वर्ष में प्रवेश

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 22- ● जबलपुर ● मंगलवार, 22 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-6 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

# जंग कभी भी शुरू होने की आशंका



## पुतिन ने सेना को दिए पूर्वी यूक्रेन में घुसने के आदेश

## गहराया संकट

**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच तनाव बढ़ गया है। ताजा खबर यह है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने सैनिकों को पूर्वी यूक्रेन के उन हिस्सों में घुसने के आदेश दे दिए हैं। हालांकि रूस की ओर से कहा गया है कि शांति स्थापित करने के उद्देश्य से सेना को भेजा रहा रहा है। यूक्रेन से सटी सीमा पर रूसी सैनिक टैंकों और अन्य हथियारों से लैस देखे गए हैं। वहीं पुतिन द्वारा इसे शांति मिशन कहे जाने पर सवाल उठे हैं। यूक्रेन को अब पश्चिमी देशों से मदद की आस है। ऐसे में यदि अमेरिका व अन्य देश सैन्य मदद करते हैं तो बड़ा युद्ध छिड़ जाएगा।

## रूस के कदम पर भड़की दुनिया

### पुतिन के फैसले पर अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देशों की चेतावनी



यूक्रेन की सीमाओं पर रूस की सैन्य तैनाती को लेकर चल रहे तनाव के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने पूर्वी यूक्रेन के लुहान्स्क और डोनेट्स्क प्रांत को स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता दे दी है। साथ ही रूसी सैनिकों को वहां शांति बनाए रखने का आदेश दिया है। उनके इस फैसले की चारों ओर निंदा की जा रही है। NATO प्रमुख ने इसे अंतर राष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन बताया है। वहीं, अमेरिका और कई यूरोपीय देशों ने उन्हें चेतावनी दी है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा- जल्द देंगे जवाब

व्हाइट हाउस ने बताया कि बाइडेन ने यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता देने के पुतिन के फैसले की कड़ी निंदा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से भी कहा कि अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ मिलकर जल्द इसका जवाब देगा।

अमेरिका ने लगाया प्रतिबंध ।व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी जेन साकी ने कहा कि हमें रूस से ऐसी ही उम्मीद थी और हम तुरंत जवाब देने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रपति बाइडेन ने सोमवार को एक कार्यकारी आदेश पर साइन किए। इसके अनुसार कोई भी अमेरिकी नागरिक इन इलाकों के लोगों के साथ किसी भी तरह का निवेश नहीं कर सकता है और न ही किसी सेवा या आयात-निर्यात की अनुमति होगी।



### खार्किव से आज लौटेंगे 256 भारतीय छात्र

यूक्रेन में जारी तनाव को देखते हुए चार अन्य उड़ाने ऑपरेट की जाएंगी। भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा, कीव से दिल्ली के लिए चार उड़ानें 25 फरवरी, 27 फरवरी और 6 मार्च, 2022 को ऑपरेट की जाएंगी। इस बीच मंगलवार सुबह एयर इंडिया की स्पेशल फ्लाइट यूक्रेन रवाना की गई है। यूक्रेन के खार्किव से 256 भारतीय छात्र देश लौटेंगे। फ्लाइट आज रात 10.15 बजे देश लौट आएगी।




# देश में मातृ मृत्यु दर कम करने की जिम्मेदारी जबलपुर पर

## प्रसव के लिए पश्चिम देशों की पद्धति का इस्तेमाल एल्गिन में होगा

नीरज उपाध्याय


**जबलपुर ।** चिकित्सा क्षेत्र में जबलपुर को बड़ी उपलब्धि के साथ जिम्मेदारी मिली है। विदेशों में गर्भवती महिलाओं के प्रसव किस तरीके से कराया जाता है और वहां पर मातृ मृत्यु दर कैसे कंट्रोल हुआ इसकी बारीकियां डॉक्टरों को सिखाने के लिए एक इंस्टिट्यूट रानी दुर्गावती चिकित्सालय एल्गिन में खोला जा रहा है। एल्गिन में इंस्टिट्यूट को लेकर तैयारियां अंतिम दौर पर है ।जुलाई से इसका शुभारंभ होगा। खास बात यह है कि केंद्रीय चिकित्सा विभाग पूरे देश में 14 सेंटर खोल रहा है जिसमें और मध्यप्रदेश से इंस्टिट्यूट खोलने के लिए सिर्फ जबलपुर का चयन किया है। यहां से डॉक्टर प्रशिक्षित होंगे जो अन्य शहरों में जाकर मातृ मृत्यु दर कम करने के लिए प्रयास करेंगे। एल्गिन में रोजाना करीब 35 प्रसव हो रहे हैं जिसमें 15 सिजेरियन से हो रहे हैं। यह स्थिति लगभग सभी जिलों में है।

### सिजेरियन पद्धति से प्रसव रोकने कवायद

डॉक्टर संजय मिश्रा क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेंवाएं जबलपुर संभाग ने बताया कि सिजेरियन पद्धति से प्रसव होने के कारण मातृ मृत्यु दर में बढ़ोत्तरी हो रही है। इसको रोकने के लिए केंद्रीय चिकित्सा विभाग ने देश भर में 14 सेंटरों का चयन किया जिसमें जबलपुर को चयनित किया गया है। नेशनल मिडबाइफर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट की शुरूआत जुलाई में हो जाएगी, इसके लिए अलग वार्ड बनाया जा रहा है।

### 30 सीटों का होगा सेंटर

डॉक्टर संजय मिश्रा ने बताया कि एल्गिन में नेशनल मिडबाइफर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में 30 सीटें रखी गई है इसमें डॉक्टरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि विदेशों में किस तरह से प्रसव होते हैं, अभी तक अपने यहां सामान्य प्रसव कराया जाता है जिसकी वजह से मातृ मृत्यु दर में बढ़ोत्तरी हो रही है। गर्भवती महिला को बेड में लिटाकर प्रसव कराने की पद्धति को बदलना है। विभाग द्वारा एक सकुर्लर जारी किया गया है जिसमें बताया गया कि विदेशों में किस तरह से प्रसव होते हैं।



सिजेरियन प्रसव रोकने के लिए एल्गिन अस्पताल में नेशनल मिडबाइफर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट खोला जा रहा है। इसके लिए एक अलग वार्ड तैयार हो रहा है। वार्ड जिसमें गर्भवती महिलाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे विदेशों की तर्ज पर नार्मल डिलीवरी होगी एवं मातृ मृत्यु दर में भी कमी आएगी।

**डॉक्टर संजय मिश्रा क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेंवाएं जबलपुर संभाग**



## अहमदाबाद ब्लास्ट के 7 दोषी भोपाल जेल में

# 24 घंटे हर गतिविधि पर नजर

**भोपाल ।** अहमदाबाद ब्लास्ट में दोषी ठहराए गए सात आतंकी इस वक्त भोपाल की सेंट्रल जेल में बंद हैं। इसके मद्देनजर जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। 24 घंटे इनकी हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी ।अब सुरक्षा व्यवस्था की प्रतिदिन समीक्षा होगी। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जेल की अध्यक्षता में समिति गठित कर दी गई है। साथ ही भोपाल कमिश्नर गुलशन बामरा को निर्देश दिए गए हैं वे जेल के बाहर पुलिस की निगरानी व्यवस्था को और बढ़ाएं। जेल विभाग को वाकी-टाकी, ताला-चाबी, फोन बदलने के निर्देश दिए गए हैं। सेंट्रल जेल में हाटलाइन की व्यवस्था भी बनाई जाएगी। यह निर्देश गृह एवं जेल मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने सोमवार को सेंट्रल जेल, भोपाल की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए दिए ।उच्च स्तरीय बैठक में भोपाल सेंट्रल जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी पहलूओं की समीक्षा की गई। इसमें बताया गया कि जिस अंडा सेल में आतंकियों को रखा गया है, वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सशस्त्र बल के जवान तैनात हैं। टावर के माध्यम से 24 घंटे निगरानी हो रही है। जेल के बाहर भी पुलिस बल के जवान तैनात हैं। बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जेल की अध्यक्षता में समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। इसमें उप पुलिस महानिरीक्षक जेल और जेल अधीक्षक का सदस्य बनाया गया है। समिति प्रतिदिन सुरक्षा से जुड़े प्रत्येक पहलू की समीक्षा करेगी। इसमें यह देखा जाएगा कि आतंकियों से कौन फोन पर बात करना चाहते हैं। जो खाना-पीना दिया रहा है, वो कैसे है और सुरक्षा पर्याप्त है या इसमें बढ़ोतरी करने की जरूरत है। समिति गृह एवं जेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क में रहेगी ।।

# अप्रैल से दोगुनी हो सकती है घरेलू गैस की कीमत

## महंगा हो जाएगा खाना पकाना, गाड़ी चलाना

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में गैस की भारी किल्लत हो गई है और अप्रैल में इसका असर भारत में देखने को मिल सकता है। इससे देश में गैस की कीमत दोगुना हो सकती है। इससे सीएनजी , पीएनजी और बिजली की कीमतें बढ़ जाएगी। साथ ही सरकार का फर्टिलाइजर सब्सिडी बिल भी बढ़ जाएगा। ग्लोबल इकॉनमी कोरोना का कहर से बाहर निकल रही है और इसके साथ ही एनर्जी की मांग भी बढ़ रही है। लेकिन 2021 में इसकी सप्लाई को बढ़ाने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए। इन कारणों से गैस की कीमत में काफी तेजी आई है। घरेलू इंडस्ट्रीज पहली ही आयातित एलएनजी के लिए ज्यादा कीमत चुका रही है। इसकी वजह लॉन्ग टर्म कॉन्ट्रैक्ट्स हैं जहां कीमत कच्चे तेल से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने स्पॉट मार्केट से खरीदारी कम कर दी है जहां कई महीनों के कीमत में आग लगी हुई है। लेकिन इसका असर अप्रैल में देखने को मिलेगा जब सरकार नेचुरल गैस की घरेलू कीमतों में बदलाव करेगी। इंडस्ट्री के जानकारों और एनालिस्ट्स का कहना है कि इसे 2.9 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू से बढ़ाकर 6 से 7 डॉलर किया जा सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुताबिक गहरे समुद्र से निकलने वाली गैस की कीमत 6.13 डॉलर से बढ़कर करीब 10 डॉलर हो जाएगी। कंपनी अगले महीने कुछ गैस की नीलामी करेगी। उसने इसके लिए फ्लोर प्राइस को क्रूड ऑयल से जोड़ा है जो अभी 14 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू है। देश में घरेलू नेचुरल गैस की कीमतें हर साल अप्रैल और अक्टूबर में तय होती हैं। अप्रैल की कीमत जनवरी से दिसंबर 2021 की अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर आधारित होगी। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एके जेना के मुताबिक घरेलू नेचुरल गैस की कीमत में एक डॉलर की तेजी होने पर सीएनजी की कीमत 4.5 रुपये प्रति किलो बढ़ जाएगी।



# सेंसेक्स एक हजार पॉइंट्स टूटकर 57 हजार के नीचे

## पहले मिनट में निवेशकों को 5 लाख करोड़ का घाटा



**मुंबई।** शेयर बाजार में आज भारी गिरावट है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स एक हजार पॉइंट्स टूटकर 56,727 पर पहुंच गया है। इस वजह से निवेशकों को पहले मिनट में 5 लाख करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 252.27 लाख करोड़ रुपए है जो सोमवार को 257.27 लाख करोड़ रुपए था। सेंसेक्स के सभी 30 शेयर्स गिरावट में हैं। सबसे ज्यादा गिरावट डॉ. रेड्डी के शेयर्स में है जो 3 पर्सेंट नीचे है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 258 अंक नीचे 16,948 पर कारोबार कर रहा है। इसके 50 में से 40 स्टॉक गिरावट में हैं। इससे पहले सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 149 पॉइंट्स गिर कर 57,683 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 69 अंक टूटकर 17,206 पर बंद हुआ। बाजार खुलने के साथ ही करीब 254 शेयरों में तेजी आई लेकिन 1932 शेयरों में गिरावट आई और 48 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सेंसेक्स के सभी 30 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। आज बाजार खुलते ही डॉ रेड्डीज लैब्स, एलएंडटी, एशियन पेंट्स, टीसीएस और यूपीएल निफ्टी पर सबसे ज्यादा गिरावट वाले शेयरों में से थे, जबकि केवल ONGC लाभ में दिख रहा था।

## उत्तराखंड में बड़ा हादसा

# 14 चंपावत में वाहन खाई में गिरा बरातियों की मौत

**चंपावत।** उत्तराखंड के चंपावत में सोमवार को एक बड़ी अनहोनी हो गई है। चंपावत जिले के डांडा क्षेत्र में सोमवार रात बरात से लौट रहा एक वाहन खाई में गिरा, जिसमें 11 बरातियों की मौत हो गई। चंपावत से करीब 65 किमी दूर इस स्थान पर एक परिवार में शादी थी। हादसे की सूचना के बाद पुलिस व रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। 14 शवों को खाई से बाहर निकाला गया है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। टनकपुर-चम्पावत हाईवे से जुड़ी सूखीढांग-डांडामीनार रोड पर वाहन दुर्घटना में 16 में से 14 लोगों की मौत हो गई।

# बच्चा गोद लेने के लिए मैरिज सर्टिफिकेट अनिवार्य नहीं

**प्रयागराज।** अब बच्चा गोद लेने के लिए विवाह प्रमाण पत्र (मैरिज सर्टिफिकेट) अनिवार्य नहीं है। इसके साथ ही कोई एकल माता-पिता भी हिंदू दत्तक और रखरखाव अधिनियम, 1960 के तहत बच्चा गोद ले सकते हैं। साथ ही गोद लेने की प्रक्रिया में शादी को रजिस्टर्ड कराने की भी आवश्यकता नहीं है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यह अहम आदेश सोमवार को एक सुनवाई करते हुए दिया ।दरअसल, एक ट्रांसजेंडर ने एक पुरुष के साथ 12 साल पहले शादी की थी। इसके बाद उन्होंने बच्चा गोद लेने का निर्णय लिया। गोद लेने की प्रक्रिया में उन्हें बताया गया कि उन्हें मैरिज सर्टिफिकेट की आवश्यकता होगी। इसके लिए उन्हें हिंदू विवाह अधिनियम का हवाला दिया गया। इस पर दंपती ने दिसंबर 2021 में वाराणसी में हिंदू विवाह के उप रजिस्ट्रार को ऑनलाइन आवेदन किया, लेकिन ट्रांसजेंडर से शादी होने के कारण रजिस्ट्रेशन में दिक्कत हुई। इस पर दोनों ने हाईकोर्ट का रुख किया। वाराणसी में रजिस्ट्रार के यहां किया था आवेदनदंपती ने याचिका में वाराणसी में हिंदू विवाह के उप रजिस्ट्रार को ऑनलाइन आवेदन पर विचार करने और निर्णय लेने के लिए निर्देश देने की मांग की थी। जस्टिस डॉक्टर कौशल जयेंद्र ठाकुर और जस्टिस विवेक वर्मा की खंडपीठ ने सोमवार को एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति और उसके पति की याचिका पर सुनवाई की।

## पत्नी से रेप पर अदालत करने वाली है बड़ा फैसला

# पतियों से छिन जाएगी 150 साल पुरानी कानूनी ढाल

**नई दिल्ली।** पत्नी से रेप के मामले में अदालत देश के क्रिमिनल लॉ में दर्ज 150 साल पुराने प्रावधान पर बड़ा फैसला देने वाली है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि यही प्रावधान रेप के आरोपों में पति के लिए कानूनी ढाल बन जाता है। दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को इस बाबत दाखिल की गई विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली। हालांकि केंद्र सरकार ने अभी अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है। केंद्र ने दलील दी कि उसने सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और राष्टीय महिला आयोग को इस मुद्दे पर राय देने के लिए पत्र भेजा है। कोर्ट ने मामले को स्थगित करने से इनकार करते हुए फिलहाल अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। केंद्र ने अदालत से अनुरोध किया कि जब तक सभी पक्षों की राय नहीं मिल जाती, तब तक कार्यवाही स्थगित कर दी जाए। दिल्ली हाई कोर्ट ने मैरिटल रेप को अपराध घोषित करने के संबंध में अपना रुख स्पष्ट करने के लिए केंद्र को और समय देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति राजीव शकधर और न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर की पीठ ने कहा कि चल रही सुनवाई को स्थगित करना संभव नहीं है, क्योंकि केंद्र की परामर्श प्रक्रिया कब पूरी होगी, इस संबंध में कोई निश्चित तारीख नहीं है। केंद्र सरकार हर महिला की स्वतंत्रता और उसके अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे बहुत कम मामले होते हैं जब इस तरह के व्यापक परिणाम मिलते हैं। हम सभी पक्षों (सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और अन्य) से विचार-विमर्श के बाद ही हां या ना कह सकेंगे। ऐसे में अदालत इन याचिकाओं पर फैसला स्थगित किया जाए। पीठ ने कहा, तब, हम इसे बंद कर रहे हैं। हाई कोर्ट ने कहा, 'फैसला सुरक्षित रखा जाता है।' मामले में निर्देश जारी करने के लिए (इसे) दो मार्च के लिए सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच, विभिन्न पक्षों के वकील अपनी लिखित दलीलें जमा कर सकते हैं। हालांकि केंद्र सरकार को इस विषय पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए अपनी दलील पेश करनी है, लेकिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार का रुख राज्यों और अन्य हितधारकों से विचार-विमर्श के बाद ही सामने आ सकता है।

# राम रहीम को दी गई प्लस सुरक्षा

**हिसार।** फरलो पर जेल से बाहर रह रहे डेरामुखी गुरमीत राम रहीम सिंह को अब ‘ प्लस सुरक्षा में रखा जाएगा। इस संबंध में ADG CID की तरफ से रोहतक रेंज कमिश्नर को पत्र लिखा गया था। पत्र में बताया गया है कि उनको गृह मंत्रालय से इनपुट मिले हैं कि राम रहीम को खालिस्तान समर्थित आतंकवादियों से खतरा है और सजा से पहले भी उसको धमकियां मिलती रही हैं। इसी खतरे को देखते हुए गुरमीत राम रहीम की सुरक्षा को कड़ा किया जाना जरूरी है। डेरामुखी गुरमीत राम रहीम 7 फरवरी से फरलो पर है और इस दौरान वह गुरुग्राम स्थित अपने डेरे में परिवार के साथ रह रहा है।



जबलपुर, कटनी, मंडला, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित





## कोरोना की तीसरी लहर के कहर से बचे नगरवासी

# मां नर्मदा का आभार व्यक्त करने चिकित्सकों ने की पंचकोशी परिक्रमा

जबलपुर । मां नर्मदा की पंचकोशी परिक्रमा करने से मां नर्मदा के प्रति जहां एक तरफ आस्था बढ़ी है वही अधिक सेवा करने की ऊर्जा भी मिली है, मां नर्मदा की अद्भुत तरंगे मन को प्रसन्न करती है द्य वास्तव में कोरोना की तीसरी लहर के कहर से मां नर्मदा की कृपा से ही नगरवासी बच पाएं हैं द्य यह गहरी आस्था और समर्पण का भाव भी है द्य यह उद्गार नगर के चिकित्सकों ने मां नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा करते हुए व्यक्त किये द्यज्ञातव्य है कि संक्रमण काल में पहली और दूसरी लहर की तुलना में तीसरी लहर जन जागरण और वैक्सीनेशन की वजह से भी कमजोर हुई द्य नगर के अस्पतालों के संचालकों एवं चिकित्सकों ने अपने अथक प्रयासों से मरीजों की सेवा की ,उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की लगातार प्रार्थनाएं भी की । अधिकतम मरीज अस्पतालों में भर्ती हुए बगैर भी सिर्फ दवा और दुआ से अपने घरों में ठीक हुए द्य भेड़ाघाट स्थित हरे कृष्ण आश्रम से रविवार को पंचकोशी यात्रा में बड़ी संख्या में चिकित्सक सम्मिलित हुए उन्होंने स्वप्रेरणा से पैदल ही पंचकोशी यात्रा की द्य कई चिकित्सक तो बगैर चप्पल जूते पहले नंगे पैर ही यात्रा में आस्था पूर्वक सम्मिलित हुए द्यपंचकोशी परिक्रमा में संस्कारधानी के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ .शैलेन्द्र राजपूत , हॉस्पिटल के संचालक सौरभ बड़ेरिया , डॉक्टर विवेक गुप्ता, आशीष अग्रवाल ,पंकज गुप्ता, वीरेंद्र पांडे ,डॉक्टर संतोष शुक्ला शामिल हुए इस अवसर पर मां नर्मदा महा आरती के संस्थापक नर्मदा परिक्रमा संयोजक डॉ सुधीर अग्रवाल , भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल भी उपस्थित थे द्यकार्यक्रम का समापन हरे कृष्णा आश्रम में हुआ द्यसंस्थापक स्वामी रामचन्द्रदास जी ने सभी परिक्रमावासियों को गोमती चक्र प्रदान किया ।



## आरटीओ की कार्रवाई

# आईएसबीटी के बाहर से यात्रियों को बैठाने पर बसों पर लगाया 10-10 हजार का जुर्माना

**जबलपुर,यशभारत।** नियमों को बला-ए-ताक पर रखकर आईएसबीटी के बाहर से छूट रहीं बसों पर कल शाम से ही सख्ती शुरू कर दी गई है। सख्ती का आलम यह है, कि आईएसबीटी के बाहर से सवारी बैठा रहीं सभी बसों पर आरटीओ ने दस-दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया। कल देर शाम की गई कार्रवाई का आज ऐसा असर रहा, कि सुबह से बीटी के बाहर बस का इंतजार करती सवारियां तो नजर आईं, लेकिन एक भी बस खड़ी नजर नहीं आई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने रविवार को आईएसबीटी का औचक निरीक्षण किया था और बीटी के बाहर से छूट रही बसों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी बसों को बीटी के अंदर से छूटने के लिए कहा था। यहां कलेक्टर द्वारा दिए गए आदेश के परिपालन में आरटीओ संतोष पाल द्वारा तत्काल एक्शन में आते हुए बीटी के बाहर बस खड़ी करके सवारियों भरने का काम कर रहे बस ऑपरेटरों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई। जबलपुर से रीवा इलाहाबाद जा रही बस क्रमांक-एमपी17.पी.1440 तथा मिर्जा ट्रेवल्स की बस क्रमांक-यूपी-65 एफ टी 9995 जो कि प्रतिबंध के बावजूद दीनदयाल चौक के पास से सवारियां बैठा रहीं थी उन्हें पकड़कर दस-दस हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया।

स्थानीय लोगों ने अब राहत की सांस लीअन्य दिनों की अपेक्षा आईएसबीटी के अंदर का नजारा बदला हुआ था। पिट पर खड़ी बसों के सामने सवारियों की खासी चहल-पहल दिखाई दे रही थी। वहां दीनदयाल चौक पर माढ़ोताल थाना पुलिस द्वारा लगातार अनाउंसमेंट करके बीटी के बाहर खड़ी सवारियों को अंदर जाकर बस में बैठने के लिए कहा जाता रहा। स्थानीय लोगों ने ली राहत की सांस बसों के आईएसबीटी के अंदर से छूटने का सबसे बड़ा लाभ उन स्थानीय लोगों को अब मिलने लगेगा जो कि बीटी के आसपास बनी कालोनियों में रहते हैं। कल तक बसों के बीटी के बाहर से छूटने पर आवाजाही के मार्ग में भारी चहल पहल रहती थी, लेकिन अब बीटी के अंदर से छूट रहीं बसों के चलते स्थानीय लोगों ने अब राहत की सांस ली है।

# ठंडी हवाएं धूप का असर कम करने आमादा

जबलपुर, उत्तरी-पश्चिमी हवाओं के असर से मंगलवार को भी सर्दी का अहसास बना रहा। सुबह 9 बजे के बाद सूरज की गर्मी बढ़ने से ठंड से कुछ राहत मिल रही है। लेकिन ठंडी हवाएं धूप का असर कम करने आमादा है। दोपहर में सूरज के तेवर तल्ख होने से ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है। दिन का अधिकतम तापमान जहां करीब दो डिग्री सेल्सियस उछल गया। न्यूनतम तापमान में करीब तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। रात का पारा कम होने से सुबह-सुबह ठंडी हवाएं सर्दी का अहसास कराती रही। हालांकि धूप निकलने से वातावरण से घुली ठंडक से मौसम में सर्द-गरम का मिलाजुला असर है। शाम को फिर वातावरण में ठंडक घुलने लगने लगेगी और रात में ठंडक का असर लौट आएगा। मौसम का मिजाज ऐसा है कि दिन में हल्की गर्मी तो रात में हल्की ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग की मानें तो पूर्व में महाराष्ट्र और बंगाली की खाड़ी में बने चक्रवातीय असर से बने पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त हो गया है। मौसम पूरी तरह से शुष्क हो गया है। मंगलवार को नए पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता नजर नही आ रही है। लेकिन सुबह से ठंडी हवाएं जरूर चल रही है। जिससे मौसम बदल भी सकता है। बहरहाल मौसम शुष्क होने से तापमान में घट-बढ़ का दौर जारी है।

# पमरे में 124 करोड़ से अधिक आय में वृद्धि



***जबलपुर यश भारत।** पमरे से गुजरने वाली विभिन्न ने ट्रेनों मैं बिना टिकट एवं बिना सामान बुक करने वाले यात्रियों पर शिकंजा कसते हुए तीनों मंडलों में राजस्व वसूली में जबलपुर मंडल सबसे अब्बल रहा उक्त टिकट चेकिंग अभियान पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मुकुल शरण माथुर के निर्देशन में पिछले दस महीनों से समय-समय पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों पर अप्रैल 2021 से जनवरी 2022 तक टिकट चेकिंग स्टॉफ द्वारा बिना टिकट/अनियमित टिकट एवं बिना बुक किये समान लेकर यात्रा करने वालों यात्रियों के विरुद्ध कुल 17.48 लाख प्रकरण दर्ज किये जिनसे अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल रुपये 124.31 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया ।मुख्यालय सीसीएम स्कॉड द्वारा मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों ने पमरे से प्रारंभ एवं गुजरने वाली सभी यात्री गाड़ियों में निरंतर टिकिट जाँच अभियान से अप्रैल 2021 से जनवरी 2022 तक बिना टिकिट/अन बुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 0.30 लाख प्रकरण से रेलवे ने 02.32 करोड़ रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। *जबलपुर मण्डल* द्वारा मंडल के टिकट निरीक्षकों ने मण्डल से प्रारंभ एवं गुजरने वाली सभी यात्री गा ?ियों में निरंतर टिकिट जाँच अभियान से अप्रैल 2021 से जनवरी 2022 तक बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 08.24 लाख प्रकरण से रेलवे ने 63.63 करो ? रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। पिछले दस महीनों में जबलपुर मण्डल ने तीनों मण्डलों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 60 करोड़ के आंकड़े को पार किया । इसी प्रकार से भोपाल व कोटा मण्डल द्वारा मंडल के टिकट निरीक्षकों द्वारा बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 05.46 लाख प्रकरण से रेलवे ने 35.61 करोड़ रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। वही कोटा मण्डल* द्वारा 22.75 करोड़ रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है।

**टिकट चेकिंग अभियान में तीनों मंडलों में जबलपुर मंडल रहा अव्वल**

### *न करे बिना टिकट यात्रा*

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया गया कि बिना टिकट के यात्रा ना करें। उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो।

# पैडल फॉर कोविड वेक्सीनेशन संदेश के साथ सैक्लोथॉन



जबलपुर। वाय एम् सी ए न्यू भेड़ाघाट एवं पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल के सयुंक्त तत्वावधान में पैडल फॉर कोविड वेक्सीनेशन संदेश के साथ सैक्लोथॉन का शानदार आयोजन वाय एम् सी ए न्यू भेड़ाघाट एवं पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल के सयुंक्त तत्वावधान में किया गया। संस्कारधानी के करीब 100 साइकिल चालकों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। साइकिल चालकों ने पोद्दार स्कूल, गोराबाजार के प्रांगण से बरेला रोड तक जा कर वापस आना 20 कि मी के मार्ग तय किया। यह एक अनूठा आयोजन था जिसमें शहर के विभिन्न हिस्सों से सभी आयुवर्ग के साइकिल प्रेमियों ने हिस्सा लिया , 9 वर्षीय छात्र से लेकर वरिष्ठ नागरिक , टूर दे जबलपुर एवं एस एन्ड बी क्लब ,राष्ट्रीय स्तर के साइकिलिंग खिलाड़ी से लेकर शौकिया साइकिलिस्ट , स्कूली छात्राओं से लेकर महिलाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय है। कोविड पर वैक्सीन से देश में विजय , पर्यावरण बचाने एवं समस्त खेलों को बढ़ावा देना इसके मुख्य उद्देश्य थे। प्रतिभागियों को उपहार भी बहुत रोचक प्रदान किये गए साइकिल चलाते समय मार्ग के किनारे सीडबम फेंकने बागबान द्वारा दिए गए, शूटिंग स्पोर्ट्स ट्रेनिंग असोसिएशन ऑफ जबलपुर द्वारा गन फॉर ग्लोरी में 3 दिन का निशुल्क प्रशिक्षण , साहिबा क्लॉसेस द्वारा 7 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण , पेनकेक सिलाट एसोसिएशन द्वारा 7 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण निःशुल्क, वाय एम् सी ए न्यू भेड़ाघाट द्वारा ऑक्सीजन स्नेक प्लान्ट तथा पोद्दार स्कूल द्वारा टी शर्ट कैप एवं मास्क बांटे गए। मुख्य अतिथि लक्ष्मीकांत शर्मा लेखक , दिनेश सिंह ठाकुर महा सचिव म प्र योगासन स्पोर्ट्स एस्सोसिएशन थे। संचालन मैलविन पोर्टर चेयरपर्सन एडवेंचर स्पोर्ट्स वाय एम् सी ए न्यू भेड़ाघाट एवं आशीष रैकवार खेल शिक्षक ने किया , प्राचार्य भारत भूषण झा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत , उत्साहवर्धन एवं धन्यवाद दिया।



# योगी जी के समर्थन में पूर्व सैनिकों का यूपी प्रवास

**जबलपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में पूर्व सैनिकों का यूपी प्रवास आज से होने जा रहा है सरहद की सुरक्षा से समाज की सुरक्षा की ओर बढ़ रहे मेरे फौजी भाइयों के कदम को पूर्णता प्रदान के लिए एवं उन सभी उत्साहवर्धक के लिए पूर्व सैनिक संघ सदस्य एवं उत्तर भारतीय बिहार महासंघ के सदस्यों ने मिलकर राष्ट्र धर्म सर्वोपरि धर्म है और इसी संकल्प को पूर्ण करने हेतु आज प्रात: श्रीपाठ बाबा धाम में पूजा अर्चना का आयोजन किया।**

उसके उपरांत ही हम और हमारे सैनिक भाई यूपी प्रवास के लिए रवाना हुए जहां जगह-जगह नागरिकों ने स्वागत किया इस राष्ट्र धर्म के महायज्ञ में अपनी उपस्थिति देकर पूर्ण माहिती प्रदान की आज राष्ट्र को हम सब के सामूहिक प्रयास और एकता की आवश्यकता है इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे महामंत्री शशि शंकर उपाध्यक्ष यू पी आर एस ठाकुर घनश्याम पाठक पी मोहंती कोषाध्यक्ष विष्णु दास संगठन मंत्री सुरेश गुप्ता विजय कुमार शीतल प्रसाद यादव रामजीत यादव रामसनेही व सदस्य साथी प्रदर्शनी सोसाइटी के अजय तिवारी और रहवासी हम सब मिलकर इसे पूर्ण करेंगे।

# माँ नर्मदा परिक्रमा नरसिंहपुर के लिए रवाना



जबलपुर। समर्थ भैया जी सरकार जी की माँ नर्मदा परिक्रमा का आगमन अमरकंटक से बिजौरी गाँव चरगवां में हुआ एवं यहाँ से ये यात्रा आगे नरसिंहपुर के लिए रवाना हो गई। जहाँ से ये यात्रा आज आगे की ओर प्रस्थान करेगी। परिक्रमवासियों के साथ भैया जी सरकार, भारत सिंह यादव, छोटे राव, सुरेन्द्र गिरी आदि परिक्रमवासियो का आगमन बिजौरी गाँव चरगवां में हुआ जहाँ ग्राम वासियो के साथ स्वजातीय बंधु द्वारा उनका स्वागत किया गया और भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। स्वागत में विजय सिंह यादव शिवराम पटेल बसंत यादव दीपक शर्मा टिम्मी मुकेश पटेल चित्रांश यादव सुरेंद्र यादव प्रमोद यादव शशांक यादव गुड्डू यादव पीके श्रीवास्तव अमित कुशवाहा राम सिंह पटेल हरिश्चंद्र पटेल ठाकुर राम सिंह अमर सिंह पटेल हरमन सिंह पटेल धर्मेंद्र राय अभिषेक राय चैन सिंह पटेल सतीश सिंह ठाकुर हिमांशु राय राजकुमार पटेल पप्पू पटेल डॉक्टर प्रवेश अधिकार राजेंद्र पटेल फूल सिंह लोधी गुड्डा पटेल बीड़ी सिंह ठाकुर बबलू जैन गुलाब सोनी ठाकुर नीरज सिंह बिजौली गांव के हजारों कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### आश्रम निर्माण का भूमि पूजन श्रीमद्भागवत कथा कल से

शिव योगी मंदिर आश्रम निर्माण का भूमि पूजन श्रीमद्भागवत कथा संत समागम का आयोजन 23 फरवरी से 1 मार्च तक नरसिंहपीठाधीश्वर स्वामी डा नरसिंह दास महाराज जी के पावन सनिध्य मे कालीधाम के पास भटौली ग्वारीघाट जबलपुर में किया जा रहा है। श्रीमद्भागवत कथा दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक होगी। संत समागम में परम पूज्य तपस्वी बाबा कल्याणदास बाबा जी (अमरकंटक), पूज्य जयराम दास महाराज, (ललिताश्रम ), परम पूज्यनीय कलिकानंदजी प्यारेनंद जी महाराज, जगतगुरू राधवदेवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर श्री अखिलेश्वरानन्द जी महाराज, स्वामी गिरिशानन्द जी, स्वामी मुकुंद दास महाराज, स्वामी डा राधे चैतन्य जी, सहित संत महात्माओ का सनिध्य और आशीर्वचन प्राप्त होंगे। आयोजन की विधिवत रूपरेखा के लिए स्वामी डा राधे चैतन्य जी, आचार्य अनूप देव महाराज, स्वामी बालकदास महाराज, आचार्य राघवेन्द्र तिवारी की विशिष्ट उपस्थिति मे बैठक आयोजित हुई। बैठक मै विजय चौधरी, विष्णु पटेल, अनिल तिवारी, अनिल सिंह, पंचम भैया, अंबर पुंज, शंकर ठाकुर, सहित श्रृध्दालुओ की उपस्थिति रही।

### जगद्गुरू कृष्ण किंकर महाराज का 85 वा जन्मोत्सव

साकेतवासी पूज्य जगद्गुरू कृष्ण किंकर जी महाराज का 85 वा जन्मोत्सव श्री गौलोक धाम में पूज्य साध्वी सुषमा दीदी जी के सानिध्य में मनाया जा रहा। प्रात: 9.00 बजे से वैदिक आचार्यों द्वारा पूजन अर्चन , श्री गुरु चरण पादुका पूजन एवं हवन तथा श्री सुन्दर कांड पाठ का कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाएगा । प्रात: 11.30 बजे कन्या पूजन,गौ पूजन एवं दरिद्र नारायण सेवा होगी । श्री गौलोक धाम के ट्रस्टी श्री नरसिंह रंगा , विष्णु पटेल, आर.एम. केटले,एडवोकेट रोहित दुबे , मनीष रंगा, राजेश, रंगा , अनिल दुबे, जगदीश पटैल,एम.पी.चौबे, वीरेन्द्र पांडेय, सूरज पटैल, आदि ने सभी गुरु भाई बहिनों एवं श्रद्धालुओं से गुरुदेव के पावन जन्मोत्सव पर उपस्थिति हेतु निवेदन किया है । फोटो

# रेल प्रशासन ने कर्मचारी कल्याण के लिए स्वीकृत किए 3 करोड़ 56 लाख

***जबलपुर यश भारत।** प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.के.अलबेला की अध्यक्षता में विगत सप्ताह केंद्रीय कर्मचारी हित निधि की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें रेल कर्मियों के बच्चों, दिंव्यांग रेल कर्मियों तथा उनके आश्रितों, महिला सशक्तिकरण की मद सहित विभिन्न कल्याण गतिविधियों के लिए रेल प्रशासन ने कुल रुपये 3 करोड़ 56 लाख 73 हजार 840 रुपये स्वीकृत किए। इस बैठक में रेल प्रशासन की ओर से मुख्य कार्मिक अधिकारी/(आईआर) श्रीमती रश्मि दिवाकर, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (मुख्यालय) एच. एस. मीणा, सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) अभय कुमार गुप्ता, वरि. सहा.वित्त सलाहकार महेश कुमार, सहा. स्वास्थ्य अधिकारी एम के गुप्ता, सीनि. एसओ/मुख्यालय लेखा विभाग सी.एस.के. चैधरी उपस्थिति रहे तथा वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्प्लाईज यूनियन के बी.एन. शुक्ला, के.के. शुक्ला, इरशाद खान, वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के डी पी अग्रवाल, अशोक कुमार दुबे, एस.सी/एस.टी. एसोसिएशन के करतार सिंह एवं ओबीसी एसोसिएशन के पुरुषोत्तम यादव शामिल हुए।

### पमरे ने माल लदान में बनाया कीर्तिमान

***जबलपुर यश भारत।** भारतीय रेल में माल यातायात की वृद्धि के लिए अधिक से अधिक सुविधाओं में विस्तार करके नयी प्रोत्साहन योजनाओं एवं नयी टर्मिनल नीतियों को बढावा दिया जा रहा है। इसी कडी में पमरे ने भी माल यातायात की बढोत्तरी के लिए तीनों मण्डलों के माल यातायात में सुविधाओं का विस्तार करते हुए प्रोत्साहन योजनाओं एवं नयी टर्मिनल नीतियों को गति प्रदान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है पश्चिम मध्य रेल माल यातायात में लोडिंग में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। जिसके अंतर्गत पमरे पर माल यातायात में कमोडिटी वाइज लोडिंग मुख्यत: 12 सामग्रियों का लादान किया जाता है। पमरे में 120 से अधिक माललादान के लिए गुड्स शेड एवं साइडिंग है। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय और तीनों मण्डलों में स्थापित व्यवसाय विकास इकाई (बीडीयू) एवं फ्रेट बिजनेस मार्केटिंग डेवलपमेंट पोर्टल (एफबीडीपी) रणनीति के रूप में माल भाड़ा ग्राहकों की समस्याओं के समाधान तथा आपसी सामंजस्य बढ़ाने के उद्देश्य से माल लादान को बढ़ाने की दिशा में नियमित रूप से ग्राहकों के साथ बैठक आयोजित की जाती है।

***हाईस्कूल / हायर सेकेंडरी परीक्षा में लगे पर्यवेक्षकों को मिल रहा है न्यनतम मजदूरी से कम मानेदय***

# बोर्ड परीक्षा में लगे पर्यवेक्षकों के मानदेय बढ़ाया जाय




जबलपुर। हाईस्कूल / हायर सेकेंडरी परीक्षा में लगे पर्यवेक्षकों का मानेदय बढ़ाने की मांग करते हुए म0प्र0 तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया की माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र . भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की वार्षिक परीक्षाओं में लगे पर्यवेक्षकों को पुरानी दरों से मानदेय दिया जा रहा है , जो न्यूनतम मजदूरी से बहुत कम हैं । वहीं बोर्ड द्वारा छात्रों से लेट फीस के नाम पर 100 गुना अधिक फीस वसूल की जाती है , किन्तु परीक्षा केन्द्रों में छात्रों को कोई सुविधायें उपलब्ध कराई जाती है और न ही परीक्षा कार्य में लगे पर्यवेक्षकों को सम्मानजक मानदेय दिया जाता है । जहां सुबह 10 बजे से प्रारंभ होने वाले परीक्षाओं में पर्यवेक्षकों को दो घण्टा पहले बुला लिया जाता है तथा परीक्षा के दो घण्टे बाद तक परीक्षा केन्द्र में रूकना डता है । मण्डल द्वारा इतने परिश्रम का इतना कम मानदेय समझ से परे है । संघ के योगेन्द्र दुबे , मिर्जा मन्सूर बेग , मुकेश सिंह , आलोक अग्निहोत्री , श्यामनारायण तिवारी , दुर्गेश पाण्डे , आशुतोष तिवारी , डॉ0 संदीप नेमा , सुरेन्द्र जैन , संत कुमार छीपा , मनीष लोहिया , राकेश सेंगर , मनोज पाटकर , आशुतोष तिवारी , डॉ0 संदीप नेमा , सुरेन्द्र जैन , श्रीराम झारिया , प्रमोद पासी , श्यामबाबू मिश्रा , नतिन शर्मा , मनोज सेन , महेश कोरी , मो0 तारिख , धीरेन्द्र संतोष तिवारी आदि ने सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र . भोपाल से मांग की है कि बोर्ड परीक्षा में लगे पर्यवेक्षकों को नवीन दरों के मान से मानदेय दिया जाये ।

### अनोखी पहल - विवाह में दिया भारतीय सेना को शगुन

जबलपुर। श्री कसौंधन वैश्य समाज जबलपुर के द्वारा एक अनोखी प्रथा प्रारंभ की गई है जिसमें समाज के किसी भी परिवार में विवाह होने पर 1100/- रूपये का शगुन भारतीय सेना (आर्मी) के लिए निकाला जाता है। इसी परंपरा के तहत् गत दिवस भेड़ाघाट में संपन्न हुए विवाह समारोह में दूल्हे अभिषेक गुप्ता पिता विष्णु गुप्ता ने समाज के अध्यक्ष राकेश गुप्ता को सेना के लिए 1100/- रूपये का शगुन प्रदान किया। अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि समाज में हुये विवाहों के माध्यम से भारतीय सेना के लिए पहले चार शगुन प्राप्त हो चुके हैं, यह पांचवा शगुन प्राप्त हुआ है।






# भवन निर्माण करने वालों का नहीं लगेगा अनुज्ञा शुल्क

## आईटी पार्क निवेशकों को मिली सौगात

**जबलपुर, यशभारत। बरगी हिल्स स्थित आइटी पार्क एवं इलेक्ट्रानिक मेन्युफैक्करिंग क्लस्टर (आइटी पार्क) निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। इसके साथ ही जबलपुर जहां आइटी हब बनकर उभर रहा है वहीं रोजगार को भी पंख लग रहे हैं। सड़क से लेकर रेल और वायु मार्ग से सीधा संपर्क जुड़ने के कारण अब निवेशक आइटी पार्क में निवेश करने में खासी दिलचस्पी ले रहे हैं।**



परिवहन की बेहतर कनेक्टिविटी की वजह से यहां कच्चे माल को लाने और तैयार माल को बाहर भेजने की तमाम सुविधा मौजूद है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 83 एकड़ में फैले आइटी पाकजू के पहले चरण में से 63 एकड़ में भूमि आवंटित हो चुकी थी वहीं दूसरे चरण के लिए भी भूमि आवंटित की जा चुकी है। आईटी पार्क में निवेश बढ़े इसके लिए आईटी पार्क के निवेशकों के व्यापार को प्रोत्साहित करने एवं रोजगार के नए अवसर खोलने की दिशा में निगम प्रशासक एवं संभागगायुक्त बी चंद्रशेखर और निगमायुक्त अशीष वशिष्ठ की पहल आईटी पार्क में भवन निर्माण करने वालों से भवन अनुज्ञा शुल्क नहीं लेने का निर्णय लिया है। संभागायुक्त ने कहा कि नगर निगम निर्माण कार्य करने वालों से नहीं लिया जाएगा मलबा शुल्क आईटी पार्क के निवेशकों को नहीं देना होगा जल शुल्क एवं विकास अथवा रखरखाव शुल्क वाटर हार्वेस्टिंग का स्ट्रक्चर बनाने के बाद निवेशकों को लौटाई जाएगी नगर निगम में जमा सुरक्षा निधि ।

## खरगौन पुलिस ने अंतरराज्यीय पिस्टल सप्लायर को दबोचा : स्पिलेंडर में बेंचने निकला था 3 पिस्टल

जबलपुर, यशभारत। खरगौन पुलिस ने अंतरराज्यीय पिस्टल तस्कर को गिरफ्तार कर, उसके पास से तीन पिस्टल बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक खरगौन सिद्धार्थ चौधरी, अति. पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र सिंह पवार, अति. पुलिस अधीखक शहर नीरज चौरसिया, कोतवाली थाना प्रभारी के निर्देशन पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पिस्टल तस्कर को बाइक के साथ दबोचा। जानकारी अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि पिस्टल तस्कर गोपाल बिना नंबर की स्पिलेंडर बाइक से भोंगानाला पहुंच रहा है। पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश दी और भोंगानाला के समीप बाइक में आ रहे पिस्टल तस्कर को रोककर जब तलाशी ली तो उसके थैले में दो नग देसी पिस्टल और एक लोडिड पिस्टल, जिसकी मैग्जीन में दो जिंदा कारतूस लगे थे उसे भी बरामद किया। आरोपी गोपाल सिंह से पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि जनवरी में पंजाब पुलिस भी अवैध पिस्टल सप्लाई करने के जुर्म में उसे तलाश कर रही है।

# कटंगी में कार-बाइक की सीधी भिडंत

## बाइक की टंकी फटी, आग से झुलसे दो की मौके पर ही मौत

### तीसरा घायल कार चालक फरार, क्षेत्र में हड़कंप

**जबलपुर, यशभारत। कटंगी के मोहला मोड़ पर सोमवार की दरमियानी रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में बाइक की पेट्रोल टंगी फट गयी जिसमें लगी आग के कारण झुलसे दो बाइक सवार युवकों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी, वहीं तीसरा युवक बुरी तरह घायल है, जिसे मेडिकल में भर्ती किया गया है।**

हादसे के दौरान कार भी चकनाचूर हो चुकी है, जिसकी नंबर प्लेट टूट चुकी है। पुलिस आरोपी कार सवार का सरगमीज़ से पता लगा रही है।

कटंगी पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मोहला मोढ़ पर कार और बाइक में सीधी टक्कर हो गयी। जिसमें बाइक में सवार धरमचंद सेन, शाहिल ठाकुर और रंजीत ठाकुर सवार थे। जिसमें बाइक चालक धरमचंद सेन और साहिल ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि रंजीत ठाकुर बुरी तरह घायल हो गया।

### बाइक की टंकी फूटने से लगी आग

जानकारी अनुसार हादसा करीब 10 बजे का बताया जा रहा है। कार और बाइक की सीधी टक्कर के चलते बाइक की पेट्रोल टंकी में तेज विस्फोट हो गया। जिसके चलते हादसे के देखकर राहगीरों के भी रोंगटे खड़े हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## विद्यार्थियों को दिखाई रोजगार की राह

जबलपुर, । शासकीय महाकोशल महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत मप्र उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य अकादमिक संरचना में व्यावसायिक प्रशिक्षण, परियोजना कार्य, सामुदायिक जुड़ाव संबंधित पाठ्यक्रमों का संचालन व क्रियान्वयन था। जिससे विद्यार्थी अपने चुने हुए विषय में रोजगारोन्मुखी आवश्यक ज्ञान और दक्षता प्राप्त कर सकें। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डा. आरके गुप्ता की अध्यक्षता व प्रभारीद्वय डा.शैलप्रभा कोष्टा विभागाध्यक्ष इतिहास व डा.रश्मि टंडन विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षों की उपस्थिति रही। जहां स्नातक स्तर के सभी विद्यार्थियों को उनके व्यावसायिक इंटर्नशिप, प्राजेक्ट वर्क व सामाजिक जुड़ाव संबंधी कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सारी प्रक्रिया से अवगत कराया। गौरतलब है कि इस वर्ष से नई शिक्षा नीति के अंतर्गत शासन द्वारा सभी विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसमें कौशल संवर्धन के पाठ्यक्रमों के संचालन में आवश्यकतानुसार स्थानीय व लघु उद्योगों से सहयोग प्राप्त किया जाएगा। व्यावसायिक पाठ्यक्रम में दो क्रेडिट के सैद्धांतिक व दो क्रेडिट के प्रायोगिक पाठ्यक्रम होंगे। जिनकी व्यक्तिगत व सामाजिक उपयोगिता होना चाहिए। इसी प्रकार परियोजना कार्य व सामुदायिक जुड़ाव संबंधी पाठ्यक्रम के लिए भी चार क्रेडिट के पाठ्यक्रम का समावेश किया गया है। प्रत्येक शिक्षक अभिभावक को 25-30 विद्यार्थियों का समूह उपरोक्त पाठ्यक्रम के लिए आवंटित किया जाएगा। प्रत्येक शिक्षक पर विद्यार्थियों के शोध-सर्वे कार्य व आवश्यक मार्गदर्शन का उत्तरदायित्व होगा। प्रत्येक विद्यार्थी समूह को फील्ड वर्क पर आधारित परियोजना कार्य में पूरे सात दिन या 15 अशंकालीन दिवस फील्ड वर्क करना अनिवार्य होगा।


# बोर्ड परीक्षा कार्य में पटवारी-राजस्व निरीक्षक को लापरवाही महंगी पड़ी

## कलेक्टर ने जारी किए कारण बताओ नोटिस

**जबलपुर, यशभारत। माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं संचालित हो रही है। परीक्षा में पारदर्शिता बनी रहे इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कलेक्टरों के माध्यम से आदेश जारी किए थे। परीक्षा प्रश्न पत्र थानों से कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति में परीक्षा सेंटर तक पहुंचाए जाने थे परंतु शहपुरा क्षेत्र पटवारी विवेक शुक्ला और पिपारियाकला राजस्व निरीक्षक रूद्री मिश्रा द्वारा थानों में उपस्थित होकर परीक्षा सेंटर तक प्रश्पत्र नहीं पहुंचाए गए। इस पर कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने एक्शन लेते हुए राजस्व निरीक्षक और पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।**




दोनों अधिकारियों की वजह से परीक्षा कार्य प्रभावित हुआ
कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस में दोनों अधिकारियों को कहा है कि आप के द्वारा थानों में मौजूद होकर परीक्षा सेंटर तक प्रश्नपत्र नहीं पहुंचाने से माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा प्रभावित हुई है और यह कार्य लापरवाही की श्रेणी में आता है। कलेक्टर ने कहा कि कारण बताओ नोटिस में संतोषजनक जबाव नहीं होने पर, दोनों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर की इस कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है।



## शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में आनलाइन उन्मुखीकरण कार्यक्रम

जबलपुर। शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर और नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आनलाइन उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के पाचार्य डा.एएल महोबिया के संरक्षण में आयोजन किया गया। महाविद्यालय स्तर पर गठित समिति की नोडल अधिकारी डा. शिखा सक्सेना व डा. शैलेंद्र श्रीवास्तव आइटी प्रभारी ने कार्यक्रम का आयोजन व संचालन किया। समिति के विभागीय समन्वयक डा.रवि कटारे, डा. सुनीता शर्मा, डा.एसएन शुक्ला, डा. संजय कक्कड़, डा. राजेश तिवारी व डा. राजश्री कपूर ने सहयोग दिया। तकनीकी सहायता मुकेश चतुर्वेदी ने दी।

**INDUSIND BANK LTD, JBP**

AL DOST LE(IOAD BODY
JABALPUR VEHICLE NO
MP 20GB3084 MODEL 2019
ENGINE NO-FKH023449P
CHESSIS NO - MB1AA22E9KRF60521

उचित कीमत पर शीघ्र बेचना है।
सम्पर्क करें- मो. 8889914315


## बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन किया

जबलपुर, यशभारत। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल अंबेडकर प्रखंड रांझी महाकौशल प्रांत के पदाधिकारी साईं पिल्ले के नेतृत्व में रांझी थाने का घेराव करते हुए लापता हुई युवती को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और थाना प्रभारी से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग रखी है। विश्व हिंदू परिषद आयुध जिला संजय मिश्रा, सह मंत्री साईं पिल्ले, एडवोकेट उपेंद्र त्रिपाठी, एडवोकेट दीपक एडवोकेट बैजू वरदान ,एडवोकेट नीरज चौधरी, संजय मिश्रा, राहुल गुप्ता ,सोनू चक्रवर्ती और मातृशक्ति और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिवनी का अधेड़ जबलपुर से गायब रिश्तेदारी में आया था रामपुर

जबलपुर, यशभारत। गोरखपुर थाना अंतर्गत एक अधेड़ रामपुर से बिना बताए गायब हो गया। गायब हुआ अधेड़ सिवनी के धूमा का है, जो जबलपुर के रामपुर शादी समारोह में आया हुआ था। पुलिस ने गुमइंसान कायम कर, मामला जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गुरलाल पिता छोटे लाल 56 वर्ष घिघरी, थाना धूमा के जिले सिवनी का निवासी था। जो रामपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। पुलिस ने मामले में गुमइंसान कायम कर, पड़ताल में जुटी है।

## उमराह हेतु मक्का-मदीना की रवानगी आज





**जबलपुर**/ मुस्लिम धर्मावलंबियो की सबसे बडी और प्रमुख तीर्थ मक्का-मदीना (साउदी अरब) उमराह करने जाने हेतु शहर से एक जत्था हाजी इमामुद्दीन के नेतृत्व में आज रवाना होगा। जत्थे में प्रमुख रुप से हाजी असलम पहलवान, हाजी अब्दुल रहमान तथा हाजी तौसीफ रजा खान सहित अन्य तीर्थ यात्री सायं 7 बजे हावड़ा-मुम्बई मेल से मुम्बई के लिये रवाना होंगे, जहां से सभी वायुयान से मदीना शरीफ के लिये रवाना होंगे। हाजी तौसीफ रजा खान ने बताया कि विश्व में कोरोना संक्रमण काल के चलते साउदी सरकार ने तीन वर्षो से हज व उमराह बंद कर रखा था, अब संक्रमण कम होने पर पुनः प्रारंभ किया है। तीन वर्ष के बाद शहर से पहली बार तीर्थ यात्री उमराह करने रवाना हो रहे हैं, जो मक्का-मदीना में भारत देश में कोरोना की समाप्ति तथा आपसी भाईचारा, सदभाव, अमन, चैन, खुशहाली व प्रगति की दुआ करेगें।

## बरेला में अवैध गैस रिफलिंग करते दो धराए

# दो सिलेंडर जब्त, वाहनों में खतरनाक तरीके से भर रहे थे घरेलु गैस

**जबलपुर,यशभारत। बरेला पुलिस ने अवैध गैस रिफलिंग करते हुए दो आरोपियों को दबोच लिया है। जिनके कब्जे से दो सिलेंडर, इलेक्ट्रॉनिक तराजू आदि जब्त किए गए है। जिनसे पूछताछ जारी है। दोनों आरोपी खतरनाक तरीके से घरेलु गैस, वाहनों में भर रहे थे।**

जानकारी अनुसार बरेला थाना प्रभारी जीतेन्द्र यादव ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रतीक यादव पिता मुन्ना लाल यादव निवासी बरेला से एक सिलेंडर जब्त किया गया है, इसी प्रकार अजीत सोनकर पिता कृष्णकुमार सोनकर वार्ड नंबर दस से एक सिलेंडर पकड़ा गया है। दोनों ही लंबे समय से अवैध गैस रिफलिंग कर रहे थे।



## अवैध रेत उत्खनन : डम्पर-मशीन जब्त, दो आरोपियों पर कार्रवाई, तीसरा फरार

जबलपुर, यशभारत। बरगी की नांदिया घाट में अवैध रेत के साथ पुलिस दो आरोपियों को दबोच लिया। वहीं, एक आरोपी फरार है। जिसकी तलाश जारी है। थाना प्रभारी रीतेश पाण्डे ने बताया कि सूचना मिली कि सगड़ा झपनी नांदिया घाट में हिटैची मशीन से रेत का अवैध उत्खनन कर डंफर में लोड कर चोरी कर ले जाया जा रहा है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान नांदियाघाट में दबिश दी जहॉ एक डम्फर जिसमें रेत भरी हुई थी तथा कुछ की दूरी पर एक मशीन खुदाई करते हुये मिली । डम्फर चालक लक्ष्मण प्रसाद झारिया 60 वर्ष निवासी ग्राम सोहड़ बरगी ने बताया कि वाहन मालिक बृजेश पटेल निवासी चारघाट के कहने पर मशीन से रेत लोड करवाकर रेत चोरी कर रहा है। इसी प्रकार हिटैची मशीन चालक राजीव मरावी 20 वर्ष निवासी चार घाट पिपरिया बरेला ने बृजेश पटेल के कहने पर घाट से रेत खोदकर डम्फर में रेत लोड करना बताया। डम्फर क्रमांक एमपी 20 जीए 9744 मय चोरी की रेत के एवं टाटा हिटैची मशीन जब्त करते हुए डम्फर चालक लक्ष्मण झारिया एवं मशीन चालक राजीव मरावी तथा ब्रजेश पटेल के खिलाफ कार्यवाही करते हुये ब्रजेश पटेल की तलाश जारी है।

## ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण को चुनौती

# मप्र हाई कोर्ट ने 28 फरवरी के लिए बढ़ाई सुनवाई

जबलपुर, । मप्र हाई कोर्ट में एक नई याचिका के जरिये अन्य पिछड़ा वर्ग, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण अधिनियम की वैधानिकता को चुनौती दी गई है। सीधी जिले की रहने वाली अंजू शुक्ला ने याचिका दायर कर बताया कि गृह विभाग ने साइंटिफिक आफिसर के पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया है इसमें ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई हैं प्रशासनिक न्यायाधीश शील नागू व न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की युगलपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अगली सुनवाई 28 फरवरी को निर्धारित कर दी।

याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की बेंच ने इंदिरा साहनी वाले मामले में स्पष्ट आदेश दिए हैं कि कुल आरक्षण 50 फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए। संविधान में 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण को रोकने का प्रविधान नहीं ~ राज्य शासन की ओर से विशेष आधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने दलील दी कि संविधान में ऐसा कोई प्राविधान नही जो आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत से ज्यादा होने से रोकता हो। जहां तक इंदिरा साहनी प्रकरण का मामला है उसमें सुप्रीम कोर्ट ने 50 प्रतिशत की सीमा को मेंडेटरी नहीं किया है, विशेष परिस्थितियों में ये सीमा 50 प्रतिशत से ज्यादा हो सकती है।

**नीट यूजी में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू नहीं करने को चुनौती**

मध्य प्रदेश में यूजी नीट, एमबीबीएस में प्रवेश के लिए ओबीसी को आरक्षण अधिनियम व मध्य प्रदेश मेडीकल प्रवेश नियम 2018 के तहत ओबीसी वर्ग के छात्रों को 27 प्रतिशत आरक्षण नहीं दिए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है प्रशासनिकन्यायाधीश शील नागू व न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की युगलपीठ ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद प्रकरण को पूर्व में लंबित याचिकाओं के साथ क्लब करने के निर्देश दिए। मामले पर अगली सुनवाई 23 फरवरी को निर्धारित की गई है। यह याचिका सिवनी निवासी उमा कहार ने दायर की है।

**M.P.POWER MANAGEMENT CO. LTD.**
**Tender Invitation**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | 543 |
| 2 | Tender Specification No | EEC/I/974 |
| 3 | Tender Type/ Mode of Tender | Form 'A' Single Envelope/ e-Tendering |
| 4 | Tender for | Improvement of Drainage/Sewage System at and Renovation of Toilets Officers Guest House (Hostel Building) at MPPMCL Jabalpur. |
| 5 | Bids Submission Last Date & Time | 15-MARCH-2022 15:00:00 |
| 6 | Tender opening date and time | 15-MARCH-2022 15:30:00 |
| 7 | Bid Fee (INR) | Rs. 560/- (with GST) |
| 8 | Earnest Money (INR) | Rs. 9,900/- |
| 9 | Eligibility of Contractor- | Registered in MPPMCL in E-1 or above category or having experience of similar nature and quantum of work. |
| 10 | Tender Forms Available at Website | www.mppmcl.com |
| 11 | Contract No. for any other details required. | 0761-2702833/2702888 (Office Time) |

Note:- The due date of extension or any corrigendum will not be published in news papers and only uploaded on company's Website.

Executive Engineer(civil)I
MPPMCL, Rampur Jabalpur

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र-1, सिवनी**
Web Site : www.mp.gov.in/pwdmp
email : eepwd1seoni@mp.nic.in
Phone No. 07692-220572, Fax No. 220618

**इश्तहार (सिवनी)**

विषय : बिना पूर्व सूचना के कार्य पर अनुपस्थित रहने बावद् ।

श्री दुधमान सिंह धुर्वे, आत्मज श्री छिद्दीलाल धुर्वे, सहायक ग्रेड-3 लोक निर्माण विभाग, निवासी राज-राजेश्वरी चौक, वार्ड नम्बर 11, बरघाट, तहसील बरघाट, जिला सिवनी (म.प्र.) लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र-1 सिवनी के अधीनस्थ सहायक ग्रेड-3 के पद पर कार्यरत हैं। आप दिनांक 14.09.2021 से बिना अनुमति के अपने कार्य से अनुपस्थित हैं ।

इस संबंध में आपको संभागीय कार्यालय एवं उच्च कार्यालय से कई पत्र आपके स्थाई निवास के पते पर रजिस्टर्ड डाक एवं विशेष वाहक के द्वारा भेजे गये। आपके द्वारा पत्र प्राप्त करने के पश्चात भी आप आज दिनांक तक अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुए।

अतः इस समाचार-पत्र में इश्तहार के माध्यम से आपको अंतिम सूचना दी जा रही हैं कि आप इस समाचार पत्र में सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस के अंदर अपने कार्य पर उपस्थित हो अन्यथा सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 एवं 7 के अंतर्गत कार्यवाही करने हेतु उच्चाधिकारियों को लिखा जायेगा एवं आपकी सेवाएं समाप्त करने की एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

(इंजी. एल.पी. सिंगौर)
कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि.(भ/स)
संभाग क्र-1 सिवनी

जी-22903/21

संपादकीय

# लोकतंत्र का आधार कानून का राज ही

देश की राजनीति में भूचाल लाने वाले बहुचर्चित चारा घोटाला के एक अन्य मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के मुखिया लालू प्रसाद यादव को सीबीआई की विशेष अदालत ने पांच साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर साठ लाख का जुर्माना भी लगाया है। यह चारा घोटाले का पांचवां मामला था, जिसमें लालू यादव दोषी पाये गये। हालांकि, 15 फरवरी को दोषी ठहराये जाने के बाद खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए लालू यादव ने अस्पताल में भर्ती होने की अनुमति पा ली थी, जहां से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये वे सुनवाई में शामिल हुए। लालू यादव के वकील उनकी उम्र, स्वास्थ्य व विगत में काटी गई सजा का हवाला देकर कम सजा देने की मांग करते रहे हैं। अब उनके वकील हाईकोर्ट जाने की बात कह रहे हैं। दरअसल, इससे पहले अदालत पंद्रह फरवरी को 38 दोषियों को सजा सुना चुकी थी। साथ ही तीन साल तक की सजा पाने वालों को तुरंत जमानत दे दी गई थी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में चारा व पशुपालन घोटाले के दूसरे मामलों में सजा मिलने के बाद लालू यादव आठ माह जेल और 31 माह अस्पताल में भर्ती रहे। उल्लेखनीय है कि नब्बे के दशक में इस बहुचर्चित मामले में सीबीआई ने 66 मामले दर्ज किये थे। बिहार से अलग बने झारखंड राज्य में पांच मामले स्थानांतरित कर दिये गये थे, जिनमें चार में लालू यादव पहले ही दोषी पाये गये थे। लेकिन जिस मामले में उन्हें सजा सुनाई गई है, उसमें सबसे अधिक धनराशि का घपला हुआ था। आरोप था कि लालू यादव ने मुख्यमंत्री रहते हुए घोटाले तथा फर्जी बिलों के जरिये अवैध निकासी का पता चलने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की थी। दरअसल, भ्रष्टाचार के इस बड़े मामले के उजागर होने के बाद वर्ष 1996 में डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसके बाद पटना उच्च न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीबीआई जांच को कहा था। दरअसल, यह महज एक चारा घोटाला ही नहीं था। इसका विस्तार कालांतर पशुपालन घोटाले के रूप में हुआ, जब पशुपालन विभाग के अधिकारियों, ठेकेदारों ने राजनीतिक मिलीभगत से फर्जी बिलों के जरिये करोड़ों की रकम की निकासी की। यह घोटाला कई वर्षों तक चलता रहा। राजनेताओं तक हिस्सा पहुंचता रहा, जिसमें कई राजनीतिक दलों के नेता शामिल थे और भ्रष्टाचार के बड़े मामले में खामोश बने रहे। जांच में जब भ्रष्टाचार की परतें खुलने लगीं तो आंच मुख्यमंत्री तक भी पहुंची। बताते हैं कुछ करोड़ से शुरू हुआ घोटाला कालांतर नौ सौ करोड़ तक पहुंचा। मगर कई सालों तक चले घोटाले की राशि का ठीक-ठीक आकलन अभी भी बाकी है क्योंकि धांधलियां बड़े पैमाने पर हुई थीं। इस मामले में पहले न्यायिक सक्रियता, फिर सीबीआई के अधिकरियों के साहस की तारीफ करनी होगी, जिन्होंने सच को सामने लाने का जोखिम उठाया उस लालू यादव के खिलाफ जिनका बिहार में एक छत्र राज था। कोषागार व पशुपालन विभाग के सैकड़ों कर्मचारियों, ठेकेदारों व सप्लायरों के अलावा कई दिग्गज राजनेताओं की गिरफ्तारी आसान काम नहीं थी। कालांतर भ्रष्टाचार के आकार को देखते हुए अदालत के आदेश पर मामले को सीबीआई को सौंपे जाने के बाद इसे तार्किक परिणति तक पहुंचाया जा सका। अन्यथा राज्य के मुख्य लेखा परीक्षक द्वारा समय-समय पर बिहार सरकार को जानकारी देने के बावजूद इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# मुफ्त के बजाय रोजगार के अवसर दें

**चुनाव के समर में मुफ्त वस्तुएं बांटने की होड़ लगी हुई है। सरकार द्वारा पहले ही मुफ्त शिक्षा, किसानों को मुफ्त बिजली, मुफ्त गैस सिलेंडर, मुफ्त आवास आदि दिए जा रहे थे। अब मुफ्त लैपटॉप, मोबाइल, स्कूटी, साइकिल आदि बांटने के वादे किए गए जा रहे हैं। इस प्रकार के वितरण में सरकार का राजस्व समाप्त हो जाता है लेकिन लाभार्थी को केवल तात्कालिक आराम मिलता है। उसको अपनी जीविका को लंबे समय तक चलाने का मार्ग नहीं मिलता है।**

कहावत है कि किसी को मछली देने के स्थान पर मछली पकड़ना सिखाना ज्यादा उत्तम है, जिससे कि वह आगे तक स्वयं मछली पकड़ कर अपना पेट भर सके। इसी प्रकार राजनीतिक पार्टियों को मुफ्त वस्तुएं वितरित करने के स्थान पर जनता को अपने रोजगार को बनाने और दीर्घकालिक आय अर्जित करने का रास्ता बनाने में मदद करनी चाहिए।

यहां समस्या हमारी आर्थिक नीतियों के मूल ढांचे की है। हम मुख्यत: जीडीपी यानी आय के पीछे भाग रहे हैं। जनता को रोजगार मिले या न मिले, हमारी दृष्टि सिर्फ इस बात पर टिकी हुई है कि देश कितना समृद्ध है, देशवासी गरीब हों तो चलेगा। परिणामस्वरूप जनता को रोजगार उपलब्ध करने के प्रयास नहीं हो रहे हैं। जीडीपी बढ़ाने में बड़ी कंपनियां सफल होती हैं और छोटे उद्योग असफल होते हैं चूंकि वे तुलना में महंगा माल बनाते हैं। इसलिए सरकार ने नीति अपना रखी है छोटे उद्योगों को समाप्त करो और बड़े उद्योगों को बढ़ावा दो, जिससे कि देश का जीडीपी ब?। लेकिन इसका परिणाम यह है आम आदमी बेबस है। न तो उसके पास रोजगार है और न ही आय का कोई साधन। नोटबंदी, जीएसटी और लॉकडाउन ने छोटे उद्योगों को समाप्त कर दिया है और आम आदमी को त्रस्त कर दिया है।

इस परिस्थिति में आम आदमी को राहत देना अनिवार्य है। इसका सीधा उपाय है कि उसे जीविकोपार्जन के लिए मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस मुफ्त वितरण के विरोध में पहला तर्क यह दिया जाता है कि वित्तीय दृष्टि से ऐसा वितरण टिकाऊ नहीं है। यह तर्क सही नहीं है। सरकार के खर्चों को तीन श्रेणियों में रखा जा सकता है—पहली मुफ्त वितरण, दूसरी सरकारी खपत जैसे अधिकारियों को बढ़े हुए वेतन देना अथवा उनके लिए एसयूवी खरीदना, और तीसरी श्रेणी निवेश जैसे कि हाईवे बनाना। इन तीनों में यदि हमें मुफ्त वितरण बढ़ाना है तो सरकारी खपत अथवा निवेश में कटौती करनी पड़ेगी। यह बात सही है। यदि निवेश में कटौती की जाए और सरकारी खपत बनायी रखी जाए तब यह वितरण टिकाऊ नहीं रहेगा क्योंकि निवेश करना देश की अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है। इसके विपरीत यदि सरकारी खपत में कटौती की जाए और निवेश को बनाए रखा जाए तो यह नीति टिकाऊ हो जाती है। यानी विषय मुफ्त वितरण के टिकाऊ होने का नहीं है। विषय यह है कि हम सरकारी खपत में कटौती करके मुफ्त वितरण करना चाहते हैं अथवा सरकारी निवेश में कटौती करके?

मुफ्त वितरण के विरोध में दूसरा तर्क टैक्स के दुरुपयोग का दिया जाता है। लेकिन हमारे संविधान में कल्याणकारी राज्य की कल्पना की गई है। सरकार का मूल उद्देश्य है कि जनता का कल्याण हासिल करे। इस दृष्टि से बड़े उद्योगों पर कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी की जिम्मेदारी दी गई है, जिसके अंतर्गत उन्हें अपने प्रॉफिट के एक अंश का सामाजिक कार्यों में उपयोग करना होता है। इसी क्रम में यदि टैक्स का उपयोग भी जनता को मुफ्त वितरण के लिए किया जाए तो यह कल्याणकारी राज्य के उद्देश्य को बढ़ावा देगा और यह उचित ही दिखता है।मुफ्त वितरण के संदर्भ में असल प्रश्न यह है कि यह वितरण वस्तुओं के रूप में किया जाए अथवा सीधा नगद के रूप में? वस्तुओं के मुफ्त वितरण की तरफ पहला कदम संभवत: 60 के दशक में फर्टिलाइजर पर सब्सिडी देकर उठाया गया था। उस समय देश में सूखा प?ा हुआ था। खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ाना था। किसान फर्टिलाइजर का अधिकाधिक शीघ्र अति शीघ्र उपयोग करें इसलिए सरकार ने इसके दाम न्यून रखे। किसानों ने फर्टिलाइजर का उपयोग बढ़ाया। देश में खाद्यान्न का उत्पादन ब?ा और हम भुखमरी से बाहर निकले थे। लेकिन यह विवादास्पद है कि क्या फर्टिलाइजर सस्ता होने से ही किसानों ने उसका उपयोग किया? संभव है कि यदि फर्टिलाइजर की उपलब्धि होती और किसान को फसल का समुचित दाम दिया जाता तो भी किसान फर्टिलाइजर का उपयोग बढ़ाते क्योंकि वे लाभ तो अर्जित करना ही चाहते हैं। इसलिए यह सोचना कि सब्सिडी अथवा मुफ्त वितरण से ही हम देश को सही दिशा में ले जा सकेंगे यह उचित नहीं दिखता है। सही यह है कि देश का हर नागरिक अपना हित साधना चाहता है। यदि हम ऐसी नीतियां बनाएं, जिसमें वह अपने बूते ही अपने हितों को बढ़ा सके तो वह उनका अवश्य ही अनुसरण करेगा जैसे पूरे देश में बैल गाड़ियों में लकड़ी के पहिए के स्थान पर टायर लगाने का काम किसानों ने बिना किसी सब्सिडी अथवा मुफ्त वितरण के कुशलतापूर्वक संपन्न किया है।यह भी विचारणीय है कि यदि जनता देश के प्रधानमंत्री को चुनने के लिए सक्षम है तो क्या वह फर्टिलाइजर का उपयोग करने का निर्णय लेने के लिए सक्षम नहीं है? यानी मुफ्त वितरण अथवा सबसिडी के माध्यम से जनता को हांकने की विचारधारा लोकतंत्र के सिद्धांत के मूलत: विरोध में है। लोकतंत्र में माना जाता है कि जनता समझदार है। यदि ऐसा है तो फिर जनता को नगद देकर उसको अपने विवेक के अनुसार वस्तुओं की खरीद करने का अवसर देना चाहिए। ऐसा करने से जनता अपनी जरूरत की वस्तुओं को खरीदेगी न कि उन वस्तुओं को पाएगी जो कि सरकार देना चाहती है।नगद वितरण को न अपनाने के पीछे मुख्यत: सरकारी नौकरशाही के स्वार्थ दिखते हैं। जैसे जनता को यदि खाद्यान्न उपलब्ध कराना है तो उसे सीधे नगद वितरित करके सक्षम बनाया जा सकता है कि वह 20 रुपये प्रति किलो में गेहूं बाजार से खरीद ले; अथवा उसे 2 रुपये प्रति किलो की दर से गेहूं वितरित किया जा सकता है। दोनों ही तरह से लाभार्थी को गेहूं मिलता है। अंतर यह है कि यदि गेहूं का वितरण वस्तु के रूप में किया जाता है तो नौकरशाही को गेहूं खरीदने में, भंडारण करने में, वितरण करने में, राशन की दुकान चलाने में एवं राशन कार्ड बनाने में नौकरी और घूस इत्यादि लेने का पर्याप्त अवसर मिलता है। इसलिए सरकारी तंत्र द्वारा यह दुष्प्रचार किया जाता है कि जनता मूर्ख है। जनता नहीं समझती है कि शिक्षा और फर्टिलाइजर का उपयोग करना जरूरी है इसलिए सरकारी अधिकारी वस्तुओं के वितरण की नीति को बढ़ाते हैं, जिसमें उनके निजी स्वार्थ रहते हैं। अत: सभी पार्टियों को लैपटॉप और साइकिल का वितरण करने के स्थान पर सीधे नगद वितरण की नीति पर आना चाहिए जो कि मेरे आकलन में उनके राजनीतिक हितों के लिए भी उत्तम रहेगा।

# मतदाता को गुणात्मक प्रशिक्षण जरूरी

संविधान सभा में जब मतदान के अधिकार और चुनावों की चर्चा हो रही थी तो पूर्वी पंजाब से चुने हुए सदस्य ठाकुर दास भार्गव ने एक सुझाव रखा था, जिसे संविधान सभा में खारिज कर दिया गया था। उनका सुझाव था कि समान और वयस्क मतदान के अधिकार में एक शर्त जोड़ दी जानी चाहिए। वह शर्त थी साक्षरता की। तब भारत की जनसंख्या 33 करोड़ थी और संविधान सभा में अंदाजा लगाया गया था कि समान और वयस्क मतदाता के आधार पर तकरीबन 12 करोड़ मतदाता होंगे। ठाकुर दास भार्गव का सुझाव बेहतर होते हुए भी इसलिए गिर गया, क्योंकि तब भारत की साक्षरता दर महज 12 फीसदी थी। चुनाव-दर-चुनाव भारत में जाति, धर्म, क्षेत्र की बुनियाद लगातार मजबूत होती जा रही है। जाति, धर्म और क्षेत्र की संकुचित मानसिकता को बढ़ावा देने के लिए अक्सर राजनीतिक दल सवालों के घेरे में रहते हैं। लेकिन इस सोच में ही बुनियादी खोट है। चाहे जिस भी पक्ष की राजनीति हो, वह महज दिखावे के लिए ही समाज सेवा रह गई है। वैसे व्यवस्था भी वैसी ही हो गई है। इसलिए धर्म, राजनीति और क्षेत्र के संकुचित वाद को बढ़ावा देना और उसके जरिए सत्ता की आंख पर निशाना साधना राजनीतिक दलों की दिनचर्या हो गई है। लेकिन अफसोस की बात यह है कि देश का बौद्धिक समाज और मीडिया भी चुनाव-दर-चुनाव इसी सोच के आधार पर बहसें करता है और राजनीतिक कदमों का समर्थन या विरोध करता है। लोकतंत्र की बुनियाद नागरिक हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश चुनाव को लेकर होने वाले विमर्शों में मतदाता को सिर्फ एक उपादान यानी जरियाभर मान लिया गया है और उससे उम्मीद की जाती है कि वह जाति, धर्म और क्षेत्र को बढ़ावा देने वाली राजनीति के साथ अपनी जाति, धर्म और क्षेत्रवादी सोच के साथ जुड़े और वोट दे। बेशक सर्वोच्च न्यायालय ने जाति और धर्म की खुलेआम चर्चा पर रोक लगा रखी है लेकिन इन पर भी चर्चा के लिए राजनीतिक दल प्रकारांतर से राह निकाल ही लेते हैं। ऐसे में सवाल यह है कि जाति, धर्म और क्षेत्रवाद की घुट्टी पिए तंत्र से बनने वाली सरकार और उसकी बुनियाद समाज से ऐसे समानता आधारित समाज की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? स्पष्ट है कि चुने गये प्रतिनिधि या दल के सामने अपने बुनियादी मतदाता आधार की आकांक्षाओं को पूरा करने का दबाव हमेशा रहेगा। साल 2011 से चुनाव आयोग के स्थापना दिवस 25 जनवरी को मतदाता दिवस मनाया जाने लगा है। पिछले कुछ चुनावों से चुनाव आयोग लगातार मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाता है। वह क्षेत्र विशेष के नामी लोक कलाकारों, फिल्म कलाकारों और नामी खिलाड़ियों को चुनाव का ब्रांड एंबेसडर घोषित करता है। इसके जरिए चुनाव आयोग मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने की कोशिश करता है। इसका असर भी हुआ है। मतदाता दिवस की घोषणा करते वक्त तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने इसका लक्ष्य 'समावेशी' और 'गुणात्मक भागीदारी' के साथ ही 'कोई मतदाता पीछे न छूटे' बताया था। लेकिन मतदान में गुणात्मक भागीदारी की बात लगातार पीछे छूटती रहती है। गुणात्मक भागीदारी के लिए पहली शर्त है कि मतदाता ही गुणवान हो। संविधान सभा के सदस्य ठाकुर दास भार्गव ने इसी गुणात्मकता की खोज में साक्षरता की शर्त का सुझाव दिया था। अव्वल तो होना यह चाहिए कि मतदाता दिवस पर मतदाताओं को ही गुणात्मक रूप से जागरूक बनाने पर जोर दिया जाता। मतदान में ज्यादा भागीदारी गुणात्मक मतदान की गारंटी नहीं है ।

## आपका राशिफल 23 फरवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-2-3-5

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-4-6

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा परिणाम शुभ रहेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढ़ग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देगें। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-2-5-6

## फिल्म वर्ग पहेली- 5738

**बायें से दायें:-**

१. 'ये तारा वो तारा' गीत वाली आशुतोष गोवारिकर की फिल्म-३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन ग्रेवाल, नेहा की फिल्म-३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'हमजो की निराली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, रवीना, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिन सारा गुजारा' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'फिर वही चांद वही गम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-३
३०. डिनो, बिपाशा की 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म-२
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'तेरे नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, संकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
५. काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
६. जीतेंद्र, लीना चंदावरकर की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म-४
९. 'है मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म-३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुम्हा तुम्हा तक तक तुम्हा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'हम तुम को निगाहों' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी-२
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'तू धरती पे चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-२
२३. अजय देवगन, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-६
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 5737

Jagrutidaur.com, Bangalore

### गृह का अस्त होने से

# 20 मार्च तक विवाह के मुहूर्त नहीं

ज्योतिष के अनुसार बृहस्पति ग्रह 19 फरवरी को सुबह 11 बजकर 13 मिनट पर कुंभ राशि में अस्त होने जा रहा है। यह 20 मार्च को सुबह 9 बजकर 35 मिनट पर इसी राशि में अपनी सामान्य अवस्था में वापस आएगा। इस अवधि के दौरान मांगलिक कार्यक्रम नहीं हो सकेंगे। वैदिक ज्योतिष के अनुसार ग्रह का अस्त होना एक महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है। प्रति वर्ष, कुछ दिनों के लिए आकाश में कोई-कोई ग्रह दिखाई नहीं देता है, क्योंकि वह सूर्य के अत्यन्त समीप आ जाता है। वर्ष के इन दिनों को ग्रह-अस्त, ग्रह-लोप, ग्रह-मौद्य, ग्रह-मौद्यामि के नाम से जाना जाता है। ज्योतिष के अनुसार विवाह समारोह जैसे अधिकांश शुभ कार्य, शुक्र और गुरु ग्रह के अस्त काल में नहीं किये जाते हैं। वैदिक ज्योतिष में बृहस्पति ग्रह को गुरु कहा गया है। इसे संपन्नता, विवाह, वैभव, विवेक, धार्मिक कार्य आदि का कारक माना जाता है, इसलिए इसका अस्त होना शुभ नहीं माना जाता। इसके अस्त रहने के दौरान शादी, मुंडन, नामकरण जैसे संस्कार नहीं किये जाते।



### राशियों पर असर

गुरु अस्त होने से कर्क, मीन और धनु राशि वालों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इन राशि वालों को इस दौरान कोई नया निवेश या नया व्यापार शुरू नहीं करना चाहिये। इस अवधि में नुकसान, शत्रुओं से हानि का सामना करना पड़ सकता है।

## सूडोकु नवताल- 6242

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6241 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |



## विचार प्रवाह

एक व्यक्ति ने सोचा कि समुद्र में स्नान कर लूं तो सभी तीर्थों के स्नान का फल मिल जाएगा क्योंकि समुद्र में गंगा जमुना सब हैं। समुद्र के किनारे गया और बैठ गया। सुबह से शाम होने को आयी लेकिन वह अब भी बैठा है। किसी यात्री ने पूछा नहाने आये हो तो नहाते क्यों नहीं? वह बोला- मैं सोचता हूं कि लहरें उठना बंद हो जायें तो फिर नहाऊं। यात्री बोला समुद्र कभी शांत नहीं होगा। समुद्र में नहाना है तो लहरों का त्रास तो सहना ही पड़ेगा। जीवन में कठिनाइयां तो बनी ही रहेंगी। धर्म ध्यान करने के लिए उस दिन का इंतजार मत करो, जब सब कुछ ठीक ठाक चल रहा होगा, क्योंकि ऐसा दिन कभी आने वाला नहीं है।

मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7300

**बाएँ से दाएँ**

1. उचित, गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान, प्रसिद्धि-2
9. उल्टी, कै, वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल, फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. भ्रम, वहम-3
22. आश्रय, शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा, टहनी-2

**ऊपर से नीचे**

1. नमस्ते, आदाब-3
2. देह, बदन, तन-2
3. शराब, मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन -2
8. वहम, संदेह-2
10. जरुरतमंद-5
11. नाग, सर्प-2
13. आनंदित होना -5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला, सुस्त-3
19. नुकसान, घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा, सरुर, खुमार-2
22. ओहदा -2
23. भवन, कोठी-3
25. क्षण, पल-2
26. कलिका, फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

शब्द पहेली -7299 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

# राशन वितरण में अनियमितता रोकने होगा बायोमेट्रिक सत्यापन

## आधार नंबर से होगी पात्र-अपात्र की पहचान, मोबाइल नंबर भी करेंगे अपडेट



**भोपाल।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत गरीबों को एक रुपये किलोग्राम की दर से दिए जाने वाले गेहूं और चावल की आड़ में अनियमितता और अपात्रों के नाम पर होने वाले खेल को खत्म करने के लिए अब प्रत्येक हितग्राही का सत्यापन किया जा रहा है। आधार नंबर से हितग्राही की पहचान की जाएगी। उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन घर-घर जाकर अंगूठा लगवाकर बायोमेट्रिक सत्यापन करेंगे। मोबाइल नंबर भी अपडेट किया जाएगा, ताकि दुकान से जब भी राशन वितरण हो तो उसकी सूचना मिले। इससे यह भी पता चल जाएगा कि हितग्राही के नाम पर कितनी मात्रा में राशन दिया जा चुका है। मध्य प्रदेश में पीडीएस के 98 प्रतिशत हितग्राहियों का आधार नंबर खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के पास है। राशन वितरण में गड़बड़ी को रोकने के लिए सभी 24 हजार 952 उचित मूल्य की दुकानों को प्वाइंट आफ सेल्स मशीन दी गई हैं, ताकि वे अंगूठा लगवाकर हितग्राही का सत्यापन कर सकें। इसके बाद भी राजगढ़, निवाड़ी सहित अन्य जिलों में अनियमितता की शिकायतें सामने आई हैं। जांच में सामने आया है कि गलत आधार नंबर डालकर स्थानीय स्तर पर गड़बड़ियां की गई हैं। हितग्राही का निधन होने के बाद भी उसके नाम से राशन देना बताकर अनियमितता की जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के मद्देनजर विभाग ने सभी हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कराने का निर्णय लिया है। विभाग के प्रमुख सचिव फैज अहमद किदवई का कहना है कि इस व्यवस्था से न सिर्फ एक-एक हितग्राही का सत्यापन हो जाएगा, बल्कि उनकी जानकारी भी अपडेट हो जाएगी।



### एक करोड़ हितग्राहियों की हो चुकी है पहचान

अभी तक एक करोड़ चार लाख 53 हजार 675 हितग्राहियों की पहचान हो चुकी है। रिकार्ड में इनके नाम, मोबाइल नंबर सहित अन्य जानकारियों में सुधार भी हो गया है। बायोमेट्रिक सत्यापन के आधार पर हितग्राही वन नेशन-वन राशनकार्ड योजना के तहत किसी भी उचित मूल्य की दुकान से राशन प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी को कम मात्रा में राशन मिला होगा तो वह तत्काल आपत्ति दर्ज करा सकेगा।



## दिन के तापमान में बढ़ोत्तरी, दो दिन तक रहेगा यही हाल

**भोपाल ।** ईरान के पास एक पश्चिमी विक्षोभ टर्फ के रूप में बना हुआ है, जिसके चलते सोमवार को हवाओं का रूख बदलकर पश्चिमी होने से पूरे प्रदेश में दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के असर से मंगलवार को राजस्थान के आसपास एक प्रेरित चक्रवात बनेगा। इन दो सिस्टम के असर से दो दिन तक दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि हवा का रूख बदलकर पश्चिमी होने से प्रदेश के सभी जिलों में दिन का तापमान बढ़ गया। सोमवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 30.7 डिग्रीसेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से एक डिग्रीसे. अधिक रहा। यह रविवार के अधिकतम तापमान 28 डिग्रीसे. की तुलना में 2.7 डिग्रीसे. अधिक रहा।न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्रीसे. रिकार्ड किया गया। जो सामान्य से तीन डिग्रीसे.कम रहा। यह रविवार के न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्रीसे. के मुकाबले 1.6 कम रहा। साहा के मुताबिक रविवार को हवाओं का रूख उत्तरी बना रहने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी।



## भोज विवि परिसर में बार-बार आ रहा बाघ?

**भोपाल।** भोपाल का एक बाघ, नाम टी-1233। यह एकमात्र ऐसा बाघ है जो अपने कुनबे के नक्शेकदम पर चल रहा है। मतलब परिवार के सदस्य जिन रास्तों से गुजर चुके हैं, जहां ठहरते रहे हैं और एक दिन में जितना घूमते हैं, यह भी वही सब कर रहा है। यह वही बाघ है जो फरवरी 2022 के पहले हफ्ते में कोलार रोड स्थित भोज विश्वविद्यालय परिसर में घुसा था। करीब एक साल पहले इसके भाई-बहन भी भोज विवि तक आ चुक हैं। हालांकि अब यह सुरक्षित लौट चुका है। फिलहाल इसका ठिकाना केरवा व वीरपुर का जंगल है। भोपाल सामान्य वन मंडल द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में बाघ की पहचान और उसके सुरक्षित होने की पुष्टि हुई है। उल्लेखनीय है कि यह बाघिन टी-123 की संतान है। इसका जन्म वर्ष 2020 में केरवा के जंगल में हुआ था। वजन 175 किलो के करीब है। उम्र 25 माह हो चुकी है। यह क्षेत्र में रोजाना 12 से 18 किलोमीटर घूम रहा है। आमतौर पर बाघ सामान्यत- एक दिन में 30 वर्ग किलोमीटर तक घूम सकते हैं। इसके भाई का नाम बाघ टी-1234 है, जिसका जन्म इसके साथ हुआ था। इन दोनों के पहले बाघिन टी-123 ने दो शावकों को जन्म दिया था। इनमें से एक का नाम बाघ टी-1231 व बाघिन टी-1232 रखा गया था। वन विभाग की रिपोर्ट में सामने आया है कि सबसे पहले जनवरी 2021 में ये दोनों भोज विश्वविद्यालय परिसर में घुसे थे। वहीं इनकी मां बाघिन टी-123 भी कई बार आबादी के नजदीक देखी जा चुकी है।


### इसलिए खास होता जा रहा यह कुनबा

बाघिन टी-123 का इलाका राजधानी से सटे केरवा, कलियासोत, मेंडोरा, बुल मदर फार्म के पीछे, वाल्मी पहाड़ी, 13 शटर गेट, जागरण लेकसिटी के पिछले हिस्सा रहा है। इनकी संतानें भी इन्हीं इलाकों में है। पूर्व के बाघों की तरह ये ठिकाने नहीं बदल रहे हैं। इनकी मौजूदगी के कारण नए बाघ इस जंगल में अपना स्थायित्व नहीं बना पाते हैं। वन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे बाघ रातापानी वन्यजीव अभयारण्य से भोपाल के नजदीक आते हैं और फिर लौट जाते हैं।

### भोज विवि परिसर में कब-कब देखे गए बाघ

**भोज विश्वविद्यालय परिसर में बाघ टी-1233 घुसा था, लेकिन उसने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया है। यह राजधानी के पासपास घूम रहे बाघों का अच्छा बर्ताव है। वह जंगल में सुरक्षित लौट चुका है।**

**– आलोक पाठक, डीएफओ, भोपाल सामान्य वन मंडल**



## 5 वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षाएं एक अप्रैल से शुरू होंगी

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी व निजी स्कूलों में पांचवीं व आठवीं की वार्षिक परीक्षाएं एक अप्रैल से शुरू होगी, जो 9 अप्रैल तक चलेगी। वहीं बच्चों को प्रोजेक्ट वर्क 21 मार्च से 31 मार्च के बीच पूरा करा लिए जाएंगे। इस परीक्षा को बोर्ड परीक्षा नहीं कहा जाएगा। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने सोमवार को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। परीक्षा में 60 अंक का लिखित प्रश्नपत्र और 40 अंक प्रोजेक्ट बेस्ड होगा। विद्यार्थी को प्रत्येक विषय में 33 फीसद अंक लाना अनिवार्य होगा, नहीं तो अनुत्तीर्ण कर उसी कक्षा में रोका जाएगा। उसे दुबारा उसी क्लास में पढ़ना होगा। हालांकि अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए दो माह बाद पुन- परीक्षा ली जाएगी। फेल विद्यार्थियों को दो माह तक तैयारी कराई जाएगी। इसके बाद परीक्षा ली जाएगी।

## 1 मार्च से 108 का संचालन शुरू होना मुश्किल, नहीं मिल रहे वाहन




**भोपाल ।** प्रदेश में नई 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस वाहनों का संचालन एक मार्च से शुरू होने के आसार नहीं हैं। इसकी वजह यह कि कंपनी को जितने वाहनों की जरूरत है, उतने मिल ही नहीं पा रहे हैं, जबकि कंपनी ज्यादातर नए वाहनों से ही शुरुआत करने के पक्ष में है। अभी कुछ वाहन आ गए हैं। बता दें कि छत्तीसगढ़ की जय अंबे कंपनी को इन वाहनों के संचालन का ठेका मिला है। कंपनी ने एक मार्च से काम शुरू करने की तैयारी की थी। प्रदेश में अभी 606 एंबुलेंस का संचालन जेडएचएल कंपनी कर रही है। नई कंपनी को 1002 एंबलेंस चलाने की जिम्मेदारी दी गई है। वाहन खुद कंपनी को ही खरीदना है। पुराने वाहनों में सिर्फ उन्हीं को लिया जाएगा, जो ढाई लाख किमी से कम चले हैं। प्रसूताओं को अस्पताल पहुंचाने और घर छोड़ने के लिए अभी 820 जननी एक्सप्रेस वाहन चल रहे हैं, जिनकी संख्या नए ठेके में 1050 हो जाएगी। वेंटिलेटर युक्त एडवांस लाइफ सपोर्ट वाली एंबुलेंस अभी हर जिले में एक हैं। इनकी कुल संख्या 167 हो जाएगी।

### डायल-100 की तर्ज पर लोकेशन चल जाएगी पता

नई कंपनी के आने के बाद एक बड़ी सुविधा यह भी हो जाएगी कि एंबुलेंस के लिए फोन करने वालों को पता नहीं बताना पड़ेगा। पुलिस के डायल-100 वाहनों की तर्ज पर एंबुलेंस के लिए फोन करने वाले की लोकेशन काल सेंटर पर पहुंचेगी, जहां आसानी से एंबुलेंस उस जगह पर पहुंच सकेगी। दूसरा फायदा यह होगा कि अब निजी अस्पताल के लिए भी किराये पर यह एंबुलेंस मिल सकेंगी। मोबाइल एप के माध्यम से एंबुलेंस बुलाने की सुविधा रहेगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों ने बताया कि काल सेंटर की क्षमता भी बढ़ाई जाएगी, जिससे काल वेंटिंग नहीं रहेगी। मौजूदा एंबुलेंस के मुकाबले नए वाहनों में जगह ज्यादा है। जननी एक्सप्रेस में भी ज्यादा सुविधाजनक वाहन चलेंगे।

# अप्रैल से महंगा होगा प्रापर्टी खरीदना

## बढ़ेगी कलेक्टर गाइड लाइन



### 10 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि की संभावना - जहां गाइडलाइन से अधिक दर पर रजिस्ट्री हो रही है, वहां बढ़ेंगे अधिक दाम

**भोपाल ।** प्रदेश में उन इलाकों में प्रापर्टी खरीदना एक अप्रैल से महंगा हो जाएगा, जहां कलेक्टर गाइड लाइन से अधिक दर पर रजिस्ट्री हो रही हैं। ऐसे क्षेत्रों को चिह्नित करके गाइड लाइन में वृद्धि की जाएगी। इसके लिए जिला मूल्यांकन समिति रिपोर्ट बनाकर केंद्रीय मूल्यांकन समिति को भेजेगी, जो अंतिम निर्णय लेगी। गाइड लाइन में दस से बीस प्रतिशत तक वृद्धि होने की संभावना है।

### तीन साल से कलेक्टर गाइड लाइन में वृद्धि नहीं हुई

प्रदेश में पिछले तीन साल से कलेक्टर गाइड लाइन में वृद्धि नहीं हुई है। पंजीयन एवं मुद्रांक कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि कई इलाकों में कलेक्टर गाइड लाइन से अधिक कीमत पर रजिस्ट्री हुई है। ऐसे स्थानों की गाइड लाइन में वृद्धि होगी, क्योंकि सरकार को राजस्व का नुकसान होता है। कलेक्टरों से कहा गया है कि वे यह देखकर प्रस्ताव तैयार कराएं कि कहां रजिस्ट्री गाइड लाइन से अधिक पर कराई गई है।

### जहां पिछले सालों में पंजीयन न के बराबर हुए हैं, वहां गाइड लाइन में कमी भी संभव

इसके साथ ही निवेश क्षेत्र के विस्तार, नवीन आवासीय परियोजना, व्यावसायिक परियोजना, स्मार्ट सिटी, अस्पताल, शिक्षण संस्था सहित अन्य सुविधाओं को देखते हुए गाइड लाइन प्रस्तावित करें। ऐसे क्षेत्र, जहां पिछले सालों में पंजीयन न के बराबर हुए हैं, वहां गाइड लाइन में कमी भी की जा सकती है। केंद्रीय मूल्यांकन समिति गाइड लाइन को अंतिम रूप देगी यह मौजूद दर से बीस प्रतिशत तक कम हो सकती है। जिला मूल्यांकन समिति की रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय मूल्यांकन समिति गाइड लाइन को अंतिम रूप देगी। महानिदेशक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक एम सेलवेन्द्रन का कहना है कि कलेक्टर गाइड लाइन का प्रस्ताव जिला मूल्यांकन समिति तैयार करती है। कहीं भी अप्रत्याशित तरीके से वृद्धि न हो, यह देखकर केंद्रीय मूल्यांकन समिति अंतिम रूप देती है। सभी पहलुओं को देखकर ही अंतिम निर्णय होगा।

## राजधानी में 32वीं राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता का रोमांच 10 मार्च से

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कयाकिंग एंव कैनोइंग संघ के तत्वावधान में 32वीं राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता सीनियर, जूनियर महिला पुरुष व 15वीं पैरा कैनो राष्ट्रीय प्रतियोगिता तथा पहली बार स्टैंड अप पैडलिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता 10 से 13 मार्च तक राजधानी के छोटे तालाब पर आयोजित हो रही है। यह जानकारी भारतीय कयाकिंग एंव कैनोइंग संघ के महासचिव प्रशांत कुशवाहा ने पत्रकारों को दी। इस प्रतियोगिता में 27 राज्यों के लगभग 750 खिलाड़ी भाग ले रहे है। उन्होंने बताया कि पूर्व दिवंगत आईपीएस आधिकारी संजीव कुमार सिंह का वाटर स्पोटर्स व अन्य खेलों में बहुत योगदान रहा है। इस लिए यह प्रतियोगिता उनके स्मृति में आयोजित की जा रही है। आयोजन समिति की बैठक में यह निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया है। इस मौके पर भारतीय ओलिंपिक संघ के सदस्य व बीएस कुशवाहा, मप्र कयाकिंग एंव कैनोइंग के अध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर सहित कई पदाधिकारी, खिलाड़ी व कोच मौजूद थे।



# खाने के तेल की MRP में कटौती संभव



**इंदौर ।** खाने के तेल में तेजी का दौर जारी है। इस बीच एक बार फिर साल्वेंट एक्सट्रेक्टर्स एसोसिएशन आफ इंडिया ने अपने सदस्यों से खाने के तेल के पैकेट पर लिखी जा रहे न्यूनतम खुदरा मूल्य में कटौती करने का आग्रह किया है। देश के तमाम बड़े खाद्य तेल निर्माता कार्पोरेट घराने व उत्पादक एसोसिएशन के सदस्य है। एसोसिएशन ने इसे आम उपभोक्ताओं के लिए होली का उपहार करार देते हुए प्रति टन 3000 से 5000 यानी प्रति किलो 3 से 5 रुपये एमआरपी घटाने के लिए कहा है। चार महीने में तीसरी बार एसोसिएशन इस तरह की अपील कर रहा है। इससे पहले दिवाली के पहले भी एसोसिएशन के आव्हान पर निर्माताओं ने तेल के दामों में कटौती की थी।

साफ है कि बाजार में तेल की कीमत घटाने की सरकार की मुहिम तो भले सफल न हो लेकिन कारोबारियों के संगठन चाहे तो दाम कम करवा सकते हैं। दूसरी ओर तेल बाजार में महंगाई की आ रही है। ब्राजील अर्जेंटीना में ला नीना असर के कारण सोयाबीन की फसल कमजोर बताई जा रही है। अब यूक्रेन-रूस तनाव से सनफ्लावर तेल के दाम भी तेज हो गए हैं। इस बीच अमेरिकी कृषि विभाग ने वैश्विक तिलहन उत्पादन के अनुमान में कमी कर दी है। हालांकि भारत में सरसों-रायड़ा के उत्पादन को बढ़ाया गया है। यूएसडीए ने सोयाबीन का औसत दाम 40 सेंट बढ़ाकर 13 डालर प्रति बुशेल कर दिया है। सोयाबीन तेल की टाइट सप्लाई और मांग में सुधार के चलते सोया तेल के भाव में सुधार का क्रम जारी रहा। इंदौर में सोमवार को सोयाबीन तेल 25 रुपये बढ़कर 1380-1385 और पाम तेल इंदौर 25 रुपये बढ़कर 1400 रुपये प्रति दस किलो पर पहुंच गए। भारत ने अमेरिका से 1 लाख टन सोया तेल का सौदा किया है जो जल्दी ही 30,000 टन सोया तेल का एक और सौदा होने की खबर है। इससे सोया तेल की तेजी में रुकावट आ सकती है। मलेशियन और डेलियन आयल काम्प्लेक्स में तेजी बनी हुई है। सीबोट आज बंद रहा। केएलसी तेजी के साथ खुला। चीन के बाजार में भी अच्छी मजबूती देखी जा रही है। अच्छे विदेशी संकेतों के चलते घरेलू बाजार में भी खाद्य तेलों में तेजी जारी रहने की उम्मीद है। दक्षिण अमेरिका में कम फसल परिणामों के कारण सोया पाम कैश की कीमतें नई ऊंचाई पर पहुंच गईं। नए सीन की आपूर्ति बहुत तंग है। देशभर में सोयाबीन की आवक बढ़कर 2 लाख 60 हजार बोरी के करीब बताई गई। इसमें से मध्यप्रदेश में सोयाबीन की आवक एक लाख 20 हजार बोरी की रही। मूंगफली तेल में भी अच्छी पूछपरख रहने से भाव में जोरदार तेजी रही। मूंगफली तेल इंदौर बढ़कर 1400 रुपये प्रति दस किलो पर पहुंच गया। इसके बाद भी मांग अच्छी देखी जा रही है।

लूज तेल (प्रति दस किलो) इंदौर मूंगफली तेल 1400, मुंबई मूंगफली तेल 1400, इंदौर सोयाबीन रिफाइंड 1380- 1385, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 1335-1340, मुंबई सोया रिफाइंड 1345, मुंबई पाम तेल 1308, इंदौर पाम 1400, राजकोट तेलिया 2190, गुजरात लूज 1360, कपास्या तेल इंदौर 1310-1325 रुपये। सोयाबीन डीओसी स्पॉट 56500 से 57000 रुपये टन। प्लांट भाव सोयाबीन- अवि 7050, प्रकाश 7035, बैतूल 7175, रुचि 7100, कृति 7050, प्रेस्टीज 7100, लक्ष्मी 7100, महाकाली 7100, सांवरिया 7000, इटारसी 7100, एमएस 7125, धानुका 7175, सालासर 7100, अंबिका 7221, खंडवा 7050, रामा 7100, रामा 7100 व शांति 7100 रुपये।

इंदौर में कपास्या खली - (60 किलो भरती) बिना टेक्स भाव - इंदौर 2175, देवास 2175, उज्जैन 2175, खंडवा 2150, बुरहानपुर 2150, अकोला 3275 रुपये।

### सरसों की गिरावट से उम्मीद

सोमवार को देश की मंडियों में सरसों की कुल आवक बढ़कर पांच लाख बोरी तक पहुंच गई। शनिवार के मुकाबले यह आवक लगभग दो गुना है। इससे प्रमुख उत्पादक मंडियों में सरसों के दामों में 500 रुपये तक की गिरावट रही।जयपुर लाइन पर सरसों 7125 से 7150 रुपये बिकी। तीन दिनों में सरसों में 1000 रुपये की कमी आ चुकी है।

अभी आवक में और बढ़ोतरी होगी। इंदौर मंडी में रायड़ा की आवक करीब 200 बोरी रही। भाव में गिरावट रही। इंदौर में सरसों 6200 से 6400 और रायड़ा 6100 से 6350 बिका। अब तेल बाजार उम्मीद कर रहा है कि क्योंकि देश में सरसों का उत्पादन जोरदार है।

**सवाल**

### तहसीलदार पीयूष दुबे से हो सकता है समझौता

# क्यों नरम पड़े पटवारी संघ के तेवर...?



सिवनी यशभारत

4 दिन पहले पटवारी संघ ने बैठक आयोजित करते हुए सिवनी के तहसीलदार पीयूष दुबे के विरुद्ध प्रस्ताव पास करते हुए आला अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया था कि पीयूष दुबे अकारण पटवारियों को परेशान करते हैं और उन्हें मानसिक व आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाते हैं। जिला कलेक्टर के नाम दिए ज्ञापन में उन्होंने चेतावनी भी दिया था कि जब तक सिवनी के तहसीलदार पीयूष दुबे को नहीं हटाया जाता तब तक वह काम नहीं करेंगे और अपना अपना बस्ता जमा कर देंगे। ज्ञापन के बाद मीडिया के समक्ष भी पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा था कि किस तरह सिवनी के तहसीलदार पीयूष दुबे उन्हें परेशान करते हैं। कभी उन्हें निलंबित करने की धमकी देते हैं तो कभी उनका वेतन रोक लेते हैं जिससे पटवारी परेशान है इसलिए तहसील के पटवारी बस्ता रखकर जब तक तहसीलदार पीयूष दुबे का कहीं और स्थानांतरण नही हो जाता तब तक काम नही करेंगे।

ज्ञापन सौपते समय पटवारी संघ के पदाधिकारियों का आक्रोश देखकर ऐसा लग रहा था कि अब वह विवादित तहसीलदार पीयूष दुबे से आर-पार की लड़ाई के मूड में है। दो दिन गुजर जाने के बाद भी तहसीलदार पीयूष दुबे के विरुद्ध कोई कार्यवाही नही हुई वही दूसरी तरफ अब पटवारी संघ के कुछ पदधिकारियो के सुर बदलते नज़र आ रहे है और उनका रुख नरम पड़ने लगा है। सूत्र बताते है कि विवादित तहसीलदार पीयूष दुबे को हटाने की मांग करने वाला पटवारी संघ अब अपने पैर पीछे खींच सकता है और तहसीलदार को अभयदान दे सकता है इसके पीछे कई चर्चाएं चल रही है। यही कारण है कि ज्ञापन सौंपने के 4 दिन हो गए बावजूद इसके अब तक पटवारी संघ ने अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं किया है।

### सचिव संघ के कुछ पदाधिकारीयो का विवादों से है गहरा नाता

17 फरवरी को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए पटवारी संघ ने चुनौती दिया था कि जब तक सिवनी के तहसीलदार पीयूष दुबे को नहीं हटाया जाता तब तक वह अपना काम बंद रखेंगे लेकिन दो दिन के बाद ही



पटवारी संघ के कुछ पदाधिकारियों के रवैये में बदलाव नज़र आने लगा है और वह तहसीलदार के साथ समझौते के मूड में दिखाई दे रहे हैं इसके पीछे क्या कारण है यह तो पटवारी संघ के पदाधिकारी जाने लेकिन सूत्र बताते हैं कि पटवारी संघ के कुछ पदाधिकारी विवादित रहे हैं और विवादों से उनका गहरा नाता रहा है इस बात की जानकारी तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों को भी है। वहीं कुछ पटवारी और पीयूष दुबे की जुगलबंदी किसी से छुपी नहीं है संभवत यही कारण है कि पटवारी संघ के कुछ पदाधिकारी पीयूष दुबे के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन नहीं करना चाहते। बताया जाता है कि यदि पीयूष दुबे को नहीं हटाया गया तो फिर यह तय है कि पीयूष दुबे और पटवारियों के बीच कई मामलों को लेकर अघोषित रूप से समझौता होगा जिससे पटवारियों को भी फायदा होगा और पीयूष दुबे को भी। ऐसे में देखना यह है कि पटवारी संघ अपनी मांग में कायम रहता है या सारे गिले शिकवे भूलकर तहसीलदार पीयूष दुबे के विरुद्ध कारवाही की मांग वापिस लेता है।

## ससुराल के लोगों को सोशल मीडिया में बदनाम कर रहा पति.पीड़िता ने महिला थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**सिवनी यशभारत।** गत दिवस सीव्ही रमन वार्ड निवासी संगीता राय ने महिला थाने में आवेदन देते हुए बताया कि उसका विवाह ग्राम बरेली जिला रायसेन निवासी नीरज राय के साथ हुआ था लेकिन पारिवारिक विवाद के चलते वह अपने मायके आ गई तब से ही नीरज राय उसके परिवार के लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से बदनाम करने में लगा हुआ है। पीड़िता ने बताया कि उसका पति नीरज राय पिता गनपतसिंह राय निवासी बरेली के द्वारा सोशल मीडिया में आपत्तिजनक संदेश फोटो के साथ प्रसारित करते हुए उसकी बहनों और उसके भाई को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। पीड़िता ने पुलिस को कुछ स्क्रीनशॉट भी उपलब्ध कराये है और कहा है कि आपत्तिजनक मैसेज सोशल मीडिया में वायरल करने से सामाजिक रूप से उनके परिवार के लोगों को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है तब पुलिस ने पीड़िता के पति नीरज राय के विरूद्ध धारा 509 के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए जांच में ले लिया।

## बोलेरो की टक्कर से दो की मौत

**सिवनी यशभारत।** गत दिवस बंडोल थाना अंतर्गत जैन वेयर हाऊस के पास एक बोलेरो की टक्कर से बाईक में सवार 02 की मौत एवं एक व्यक्ति घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मस्तराम यादव नामक युवक दो लेवरो को छोड़ने के लिए बाईक क्र. एमपी 22 एमसी 4623 से सिवनी आ रहा था, जैसे ही उनकी बाईक भोंगाखेड़ा जैन वेयर हाऊस के पास पहुंची तभी पीछे से आ रही बोलेरो क्र. एमपी 40 डी 0527 के चालक ने लापरवाही से बोलेरो चलाते हुए उनकी बाईक को टक्कर मार दिया जिससे मस्तराम यादव सहित बाईक में बैठी प्रभाबाई एवं सुरेश नीचे गिरकर घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां प्रभाबाई गजभिये एवं सुरेश यादव को पुलिस ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए लापरवाह बोलेरो चालक के विरूद्ध धारा 279,337,304ए, 184 के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए जांच में लिया।

## बोलेरो की टक्कर से 01 घायल

**सिवनी यशभारत।** छपारा थाना अंतर्गत देवगांव से घुनई के बीच बोलेरो ने बाईक को टक्कर मार दिया जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए विनोद कुमार अहिरवार निवासी सुनवारा ने पुलिस को बताया कि वह अपने सुसर करीया अहिरवार के साथ बाईक क्र. एमपी 22 एमएम 6638 में सवार होकर देवगांव से घुनई जा रहा था तभी देवगांव पुलिया के पास सामने से आ रही बोलेरो ने उनकी बाईक को टक्कर मार दिया । इस हादसे में उसके ससुर करीया अहिरवार घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## महाशिवरात्रि पर्व : देवाधिदेव महादेव एवं जगत जननी मां पार्वती का होगा प्रतित्माक विवाह

सिवनी यशभारत

आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित मठ मंदिर प्रांगण से आगामी 1 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शाम 5 बजे भगवान भोलेनाथ की बारात विधि विधान के साथ निकाली जायेगी।

मठ महाकाल समिति सिवनी से मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान मठ मंदिर वर पक्ष होगा जबकि वधु पक्ष की ओर से श्रीगणेश मंदिर समिति छिन्दवाड़ा चौक आयोजन में शामिल होगी।

विवाह समारोह मठ मंदिर प्रांगण में आयोजित होगा। इसके पूर्व प्रतित्माक विवाह के लिए भूत प्रेतो के साथ बैंड बाजों व शैला ग्रुपों व डीजे के साथ बारात मठ मंदिर प्रांगण से आरंभ होकर एलआईबी चौक, दुर्गा चौक से होती हुई नेहरू रोड़ पहुंचेगी जहां अनेक स्थानों पर बारातियों के स्वागत की व्यवस्था की गई है।

नगर पालिका चौक से बारात छिन्दवाड़ा चौक होते हुये पुनः मठ मंदिर प्रांगण पहुंचेगी जहां पूर्ण विधि विधान के साथ माता प्रार्वती व भगवान महादेव का मंत्र उच्चारण के साथ विवाह संपन्न होगा। इससे पूर्व 27 एवं 28 फरवरी को मठ मंदिर प्रांगण में महेंदी रस्म एवं महिला संगीत का कार्यक्रम भी परंपरा अनुसार आयोजित किया जायेगा जहां प्रतिदिन रात्रि 8 बजे भगवान भोलेनाथ की महाआरती का आयोजन होगा। मठ महाकाल समिति सिवनी द्वारा सभी धार्मिक, समाजिक व समाज सेवी संगठनों से इस आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ कमाने का अनुरोध किया गया है।

## विधायक पाल ने स्व. राजेंद्र के प्रति जताई शोक संवेदना



**सिवनी।** चंदन वाला खुर्द राजीव तिवारी पत्रकार के पिताजी स्वर्गीय श्री राजेंद्र प्रसाद तिवारी उर्फ गुरुजी के स्वर्गवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह जिनके साथ मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत उर्फ भूरा पटेल युवा मोर्चा अध्यक्ष पवन सिंह ठाकुर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप राय मंडल महामंत्री प्रकाश ठाकुर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री ब्रजमोहन सिंह जी पटेल कहानी वालामंडल से अशोक ठाकुर निलेश ठाकुर ने पहुंचकर सभी परिवार जनों को ढांढस बंधाया।

## अजाक्स को मिला ओबीसी महासभा का समर्थन

सिवनी । अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी/कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर पदोन्नति में आरक्षण ,बैकलॉग पदों की पूर्ति व आउटसोर्सिंग को लेकर के किए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन एवं मध्य प्रदेश के स्पेशल काउंसिल सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज गोरकेला के द्वारा तैयार किए गए पदोन्नति ड्राफ्ट को यथावत लागू करने के लिए अजाक्स संघ की मांगों का समर्थन करते हुए ओबीसी महासभा ने अपील की है कि 20 फरवरी के धरना प्रदर्शन में संगठन के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे । भविष्य में संघ के द्वारा जो भी रणनीति अपनाई जाएगी उसमें ओबीसी महासभा पूर्णत: सहयोग हेतु आश्वस्त करती है। ओबीसी महासभा के जिला प्रवक्ता राजेश पटेल ने बताया कि ओबीसी महासभा अपने कर्मचारियों की पदोन्नति के आरक्षण के पक्ष में है। केन्द्रीय मंडल आयोग व मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग महाजन आयोग ने इस वर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण देने की अनुशंसाएँ दी हैं। ओबीसी महासभा द्वारा समय-समय पर अपने ज्ञापनों के माध्यम से इन आयोगों की अनुशंसाएँ लागू करने की माँग की जाती रही है।

## फिशरमेन कांग्रेस के नगर अध्यक्ष बने शिवदयाल कश्यप



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर मध्यप्रदेश फिशरमेन कांग्रेस के अध्यक्ष सदाशिव भवरिया ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना की अनुशंसा से नगर के शिवदयाल कश्यप को सिवनी नगर का फिशरमेन (मछुआ) कांग्रेस का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शिवदयाल कश्यप कांग्रेस की रीति नीति अनुसार सर्वहारा एवं कमजोर वर्गो के साथ ही मछुआ माझी समाज के उत्थान के लिए कर्तव्यो का निर्वहन करेंगे।



## बरघाट नगर में कांग्रेस का घर चलो अभियान

**बरघाट।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर इन दिनों घर-चलो घर-घर चलो अभियान चलाया जा रहा है, इसी कड़ी मे रविवार को नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता बरघाट नगर के वार्ड क्रमांक 2 व 3 में सड़क पर उतरे। इस दौरान कांग्रेसियों ने आमजन को प्रदेश में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराया। कांग्रेस कर्ताओं ने लोगों के बीच परचे बांटकर उन्हें महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की खराब होती दशा जैसे विषयों से अवगत कराया। इस मौके पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद ऋषभ जायसवाल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुनील अवधिया, कांग्रेस सेवा दल के नगर अध्यक्ष व पूर्व पार्षद महेंद्र महोबिया, नगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष युगल चौधरी, महामंत्री राजेश लुधियाना, महामंत्री प्रणय पंद्रे, महामंत्री अमित चौहान, तरुण कटरे, प्रवक्ता नवीन नागभिरे, जितेंद्र चौरे सहित आदि की उपस्थिति रही।

### बाईक की टक्कर से एक घायल

सिवनी। लखनादौन थाना अंतर्गत खुर्सीपार सोसायटी के सामने बाईक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। खुर्सीपार निवासी कुंवर यादव पिता छिद्दी यादव गेहूं लेने के लिए खुर्सीपार सोसायटी गया था, जैसे ही वह सोसायटी के पास पहुंचा था वैसे ही सामने से आ रही बाईक क्र. एमपी 22 एमएन 5819 के चालक ने लापरवाही से बाईक चलाते हुए उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित की रिपोर्ट पर लापरवाह बाईक चालक के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया गया।



## युवाओ ने मनाया शिवाजी महाराज का जन्मोत्सव

आज श्री राम सेना सिवनी द्वारा लुघरवाड़ा गुरुकृपा लॉन में युवाओ को शिवाजी महाराज की जीविका पर चलकर धर्म की रक्षा का कार्य करने हेतु मार्गदर्शन करते हुए शिवाजी जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ ही सभी राम सैनिक उपस्थित रहे।

## थाना धनौरा ने की गौवंश की रक्षा

पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री कुमार प्रतीक द्वारा अवैध गतिविधियों के नियंत्रण व कार्यवाही हेतु सभी थानों को निर्देशित किया गया है। दिनांक 17/02/2022 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सालीवाडा के जंगल में अवैध रूप से मवेशियो को ट्रक में नागपुर कत्लखाना ले जाने के लिए जंगल मे बांधकर रखा गया है।उक्त सूचना की प्राप्ति पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री एस के मरावी एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन श्री के. के अवस्थी के द्वारा थाना प्रभारी धनौरा को मय पुलिस बल के साथ मुखबिर सूचना पर कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया। थाना प्रभारी धनौरा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर मुखबिर के बताये गये स्थान पर रवाना हुई। पुलिस टीम द्वारा ग्राम सालीवाडा के जंगल में घेराबंदी कर दबिश दी गई जहाँ मौके पर कुल 36 नग गौवंश मवेशी को जंगल में बांधकर रखा गया था जिन्हें अज्ञात आरोपियों अवैध रूप से ट्रक में भरकर नागपुर कत्लखाना ले जाने वाले थे। सभी गौवंश मवेशियों को विधिवत जप्त कर सुरक्षित धनौरा गौशाला भेजा गया । अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्र 68/2022 धारा 4, 6, 9 म.प्र. गौवंश वध प्रति अधि 6(ग), 7, 10 म. प्र. कृषक पशु परीरक्षण अधि. ॥ (घ) म.प्र. पशु क्रूरता निवा. अधि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी धनौरा ईश्वरी पटले, सउनि लमनासिंह पंद्रे, सउनि मयाराम धुर्वे, प्रआर, प्रकाश धुर्वे, आर. राहुल सवाई, आर भानू कटरे, आर मंजीत यादव, सै. समनसिंह उइके का विशेष योगदान रहा।

## वर्किंग जर्नलिस्ट ऑर्गनाइजेशन का हुआ गठन

**घंसौर यशभारत।** लगातार पत्रकारिता का गिरता स्तर और आज समाज में भटकते पत्रकारों को एक नई दिशा प्रदान करने हेतु वर्किंग जर्नलिस्ट ऑर्गनाइजेशन के द्वारा आज स्थानीय रेस्ट हाउस में कार्यकारिणी का गठन किया गया आर्गेनाइजेशन का उद्देश्य पत्रकारों हेतु स्थानीय स्तर पर पत्रकार भवन, पत्रकार कॉलोनी का निर्माण एवं मुख्य रूप से पत्रकारों द्वारा समाज सेवा जैसे कार्यों को पूर्ण करने के उद्देश्य को पूरा करने हेतु संगठन का विकासखंड स्तर



पर गठन किया गया, जिसमें जिला से आए हुए संगठन के जिला अध्यक्ष गौरीशंकर नेमा, कोषाध्यक्ष मनीष जैन, सचिव पवन पाठक, संरक्षक जितेंद्र भारद्वाज एवं उमेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे जिनके मार्गदर्शन पर ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया इस दौरान पंकज सिहोसे को जिम्मेदारी देते हुए ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया इसी क्रम में उपाध्यक्ष मुकेश मेवाती, कोषाध्यक्ष जितेश अवधिया, सचिव संजीव जैन, सह सचिव नरेंद्र श्रीवास्तव, महामंत्री राकेश श्रीवास्तव, संरक्षक विनय नाथन एवं मनोज नामदेव, संगठन मंत्री रवि श्रीवास्तव, मुरली दुबे, वतन ठाकुर, वाहिद मंसूरी एवं संगठन प्रचारक तरुण जैन एवं यशवंत भारद्वाज को सर्वसम्मति से बनाया गया।

## घर के सामने खड़ी बाईक हुई चोरी

**सिवनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत मरझोर निवासी एक युवक ने बाईक चोरी होने के दो महीने बाद कोतवाली पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवनगर कालोनी मरझोर निवासी लक्ष्मण पिता छिद्दीलाल यादव ने कोतवाली पुलिस को बताया कि 23 दिसंबर 2021 को रात लगभग 9.30 बजे वह ड्यूटी के लिए निकला था। रास्ते में उसके मामा रामकिशन यादव का घर है जहां वह कुछ देर के लिए रूका और बाईक मामा के घर के सामने खड़ा कर भीतर चले गया। आधा घंटे बाद जब वह वापिस आया तो देखा कि उसकी बाईक गायब है। आसपास तलाश करने के बाद भी बाईक नहीं मिली। बताया जाता है कि पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसका स्वास्थ्य खराब होने के कारण उसने तुरंत एफआईआर दर्ज नहीं कराया था। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध करते हुए जांच में ले लिया।

**आगामी गेंहू उपार्जन तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा**

सिवनी । आगामी गैंहू उपार्जन की तैयारियों की कलेक्टर डॉ राहुल हरिदास फटिंग ने सम्बंधित अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की गई, उन्होंने सुविधाजनक एवं व्यवस्थित रूप से उपार्जन कार्य सम्पन्न कराने के लिए अब तक की गई कार्यवाही जैसे उपार्जन केंद्रों के चयन, परिवहनकर्ताओ से अनुबंध कार्यवाही तथा गोदाम मैपिंग आदि कार्यवाही की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये।

## जन जागरूकता महासंघ ने की किसानों के साथ आवाज बुलंद

**सिवनी यशभारत।** बीती रात 12ः00 बजे ग्राम मोहगांव और टिकारी के बीच संजय सरोवर जल परियोजना की मैन कैनाल टूट जाने से क्षेत्र के किसानों की लगभग 200 से 300 एकड़ जमीन में लगी हुई फसल पूर्णता जलमग्न हो चुकी है और पानी के तेज बहाव के चलते खेतों में जगह-जगह मिट्टी का बहाव और कटाव हो चुका है जिससे बड़ी बड़ी नालियां निर्मित हो चुकी है इस हेतु आज जन जागरूकता महासंघ के जिला अध्यक्ष श्री राधेश्याम ठाकुर , संगठन क्षेत्रीय मंत्री राजकुमार ठाकुर छुई , ग्राम प्रमुख मिथिलेश ठाकुर संगठन के मीडिया सलाहकारों की टीम के साथ क्षतिग्रस्त क्षेत्र के हालात का जायजा लेने पहुंचे जहां 1ः00 बजे



के करीब क्षेत्रीय विधायक और तहसीलदार मैडम की उपस्थिति में संगठन और अन्य उपस्थित ग्रामीणों के माध्यम से 3 सूत्री मांग रखी गई जिसमें प्रथम मांग फसल की 100त्न क्षतिपूर्ति थी जिसका मौजूद तहसीलदार मैडम के द्वारा आश्वासन दिया गया कि निरीक्षण उपरांत क्षतिपूर्ति प्रदान कर दी जाएगी । साथ ही दूसरी मांग रखी गई तेज पानी के बहाव की वजह से किसानों के खेत में जो नालियां निर्मित हो गई हैं और जो मिट्टी कटाव हो चुका है उसको लेवल कराया जाए जिसे सिंचाई विभाग के मुख्य अधिकारी के द्वारा पूर्ण कराने की जिम्मेवारी ली गई । इस घटना के मुख्य दोषी लापरवाह सब इंजीनियर को तत्काल निलंबित करने की मांग भी संगठन और ग्रामीणों के द्वारा रखी गई।

# कबीर वार्ड में पहुंची कांग्रेस की टोली



**सिवनी यशभारत।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना जी के निर्देश पर सिवनी नगर कांग्रेस द्वारा घर चलो-घर घर चलो जनजागरण अभियान के अन्तर्गत कबीर वार्ड में घर घर जाकर लोगो से सर्म्पक किया, कबीर वार्ड में नगरपालिका की उदासीनता बहुत देखने को मिली अवैध कालोनियों के नाम पर प्लाटधारको को भवन निर्माण की अनुमति नही दी जा रही है क्षेत्रफल एवं जनसंख्या की दृष्टि से कबीर वार्ड बहुत बडा है सफाई कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है जिस कारण पूरे वार्ड के क्षेत्रो में नियमित साफ सफाई नही हो पाती, सडक, नाली के भी काम कबीर वार्ड में नही कराये जा रहे है आदिवासी बस्ती में वर्षो से निवास कर रहे लोगो को प्रशासन द्वारा आवासीय पट्टें वितरित नही किये जा रहे है। गरीबी रेखा में नाम नही जोडे जा रहे है ऐसी अनेक समस्याओं से कांग्रेस जनों को अवगत कराया गया। जनजागरण यात्रा कार्यक्रम में इमरान पटेल, मोहनसिंह चंदेल, श्रीमती अल्पना राणा, श्रीमती तृप्ति नामदेव, गेंदलाल भलावी, वीजेन्द्र करोसिया, विजय उइके, मोहनसिंह ठाकुर, ध्रुवनारायण सिंह चौधरी, राजिक अकील, विपिन यादव, प्रमोद गुटी यादव, राजकुमार ठाकुर, मनोज हरिनखेडे, ललित ठाकुर, राकेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, मिर्जा फैसल बेग, असद खान, संदीप चौहान, दुर्गाशंकर बिसेन, राकी मानाठाकुर, मोहन विश्वकर्मा, जुगलकिशोर पुसाम, शक्ति जाडेजा, मोहसिन खान, सुदेश चौरसिया, सचिन यादव, नब्बू, जयप्रकाश परिहार, सुजीत गोदरे, दुर्गेश बहारे सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

### बडगांव,टिकारी में आज से श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ

सिवनी। जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बडगांव पोस्ट टिकारी में आज 20 फरवरी 2022 से श्रीमदभागवत कथा प्रारंभ होने जा रही है,भगवान श्रीराधा कृष्ण कि परमअनुकंपा एवं पितृदेवों के आर्शीवाद से इस संगीतमय श्रीमद भागवत कथा कराने का सौभाग्य कला वती बाई चौरसिया, विजय चौरसिया, राधेचौरसिया, एवं प्रकाश चौरसिया को प्राप्त हुआ है इस संगीतमय श्रीमद भागवत कथा में भागवत कथा का रस पान सूर्यमंदिर के पुजारी पंडित अंशुमहाराज के मुखार बिदुओ से प्रवाहित होगी, कथा के प्रथम दिवस आज 20 फरवरी को कलश यात्रा ,एवं पुराण पूजन 21 फरवरी को परीक्षित जन एवं श्रीसुखदेव जी का जन्म 22 फरवरी को श्री सुखदेव परीक्षित संतसंग, 23 फरवरी को विदुर एवं उद्यम संवाद राजा बली वामन भगवान प्रसंग, 24 फरवरी को रामजन्म व ऋष्ण जन्म महोत्सव, 25 फरवरी को ऋष्ण चन्द्र कि मनोहर लीला कथा के सप्तम दिन 26 फरवरी के कंस बंध एवं रूकमणी विवाह तथा अष्टम दिन 27 फरवरी केहवन पूजन के साथ पूर्ण आहुति होगी।

# टोल गेट से पहले ही वाहन रोककर कर रहे वसूली



**सिवनी यशभारत।** इन दिनों जिले के टोल नाको में जमकर गुंडागर्दी देखी जा रही है। टोल में तैनात कर्मचारी उच्च स्तरीय संरक्षण की धौंस देते हुए किसी भी राहगीरों से बदतमीजी से पेश आ रहे हैं। कई बार तो सीधे सादे लोग टोलकर्मियों की दबंगई के कारण अपने परिजनों के सामने खुद को असहज महसूस करते हैं। शहर के कई नागरिकों ने बताया कि लखनादौन टोल टैक्स के कर्मचारी आने जाने वाले राहगीरो को रोककर अभद्र व्यवहार करते हैं। इनके हौंसले इतने बढ़ चुके हैं कि वह वाहनों को टोल गेट से पहले ही रोक लेते हैं और दोगुना टैक्स वसूलते हैं। सर्वर डाऊन या अन्य किसी कारण का बहाना बताकर अधिकाशं यात्रियों से दोगुना टोल राशि वसूली जा रही है। सूत्रों की माने तो टोल के कर्मचारी दबंगई तो दिखाते हैं ही लेकिन वह शराब के नशे में भी धुत्त रहते हैं। इतना ही नहीं नशेड़ी कर्मी महिलाओं के सामने भी गाली बकने से परहेज नहीं करते। कई बार तो सज्जन परिवार को परिजनों के सामने शर्मसार होना पड़ता है। शराब के नशे में होने की वजह से आम नागरिक कोई विवाद नहीं करता और दोगुना राशि देकर आगे निकल पड़ता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या टोल नाके की मनमर्जी जिला प्रशासन की पकड़ से बाहर है या उच्च स्तरीय दबाव के चलते कोई भी जिम्मेदार कार्यवाही करने से परहेज करता है।

# धमकी देने वाले पत्रकार का नाम नहीं बताएंगे साहा, बोले- किसी का करियर नहीं खत्म करना चाहता






**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा ने कहा है कि अगर बीसीसीआई उनसे धमकी देने वाले पत्रकार के बारे में पूंछता है तो वे नाम नहीं बताएंगे। साहा का कहना है कि वे किसी का करियर नहीं खत्म करना चाहते हैं। इसी वजह से उन्होंने अब तक पत्रकार का नाम नहीं उजागर किया है। भारत की टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद एक पत्रकार ने साहा से इंटरव्यू के लिए कहा था और जवाब न मिलने पर धमकी भरे अंदाज में कभी उनका इंटरव्यू न लेने की बात कही थी। साहा ने पत्रकार के साथ चैट का स्क्रीनशॉट ट्विटर पर शेयर किया था। इसके बाद कई पूर्व खिलाड़ियों ने उनका समर्थन किया था। इसके बाद खबरें आईं कि बीसीसीआई मामले की जांच करेगा। अब साहा ने कहा है कि वो पत्रकार का नाम नहीं बताएंगे। 19 फरवरी के दिन श्रीलंका के खिलाफ टी-20 और टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान हुआ था। टेस्ट टीम में अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा, ईशांत शर्मा और ऋद्धिमान साहा जैसे सीनियर खिलाड़ियों को जगह नहीं मिली थी। इसके बाद एक पत्रकार ने साहा को मैसेज कर इंटरव्यू की मांग की। साहा ने इसका जवाब नहीं दिया। पत्रकार ने लिखा मेरे साथ एक इंटरव्यू करिए, यह काफी अच्छा होगा। अगर आप लोकतांत्रिक रहना चाहते हैं तो मैं दबाव नहीं बनाऊंगा। वो एक विकेटकीपर चुनते हैं, जो सबसे बेहतर होता है। आप 11 पत्रकार चुनने की कोशिश करते हैं, जो मेरे हिसाब से सही नहीं है। उसे चुनिए जो सबसे ज्यादा आपकी मदद कर सकता है। जवाब न मिलने पर पत्रकार ने उन्हें वॉट्सएप कॉल किया, लेकिन साहा ने कॉल रिसीव नहीं किया। इसके बाद पत्रकार ने लिखा आपने मुझसे बात नहीं की, मैं अब कभी भी आपका इंटरव्यू नहीं लूंगा। मैं बेज्जती को सहजता से नहीं स्वीकार करता हूं और मैं इसे याद रखूंगा। आपको ऐसा कतई नहीं करना चाहिए था।साहा ने पूरी बातचीत के स्क्रीनशॉट अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर करते हुए सभी को इस घटना के बारे में बताया।

# क्या वेंकटेश ने हार्दिक पांड्या का पत्ता साफ किया?

## रोहित के कप्तान बनते ही दूर हुई टीम इंडिया की सबसे बड़ी समस्या

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया लगातार सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रही है। विराट कोहली ने टी-20 विश्व कप के बाद टी-20 फॉर्मेट की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उन्हें वनडे की कप्तानी से भी हटाया गया था। इसके बाद रोहित टी-20 और वनडे दोनों में रेगुलर कैप्टन बनाए गए। उनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने दो टी-20 सीरीज और एक वनडे सीरीज खेली है और तीनों में विपक्षी टीम को क्लीन स्वीप किया है। इसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ नवंबर 2021 में 3-0 की जीत और वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज में 3-0 की जीत शामिल है।

### वेंकटेश अय्यर भारत के लिए मैच विनर बनकर उभरे

कप्तान बनने के बाद रोहित ने लगातार नए खिलाड़ियों को मौका दिया है और उन्होंने टीम इंडिया के झोली में जीत डाली है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था, लेकिन इसके बावजूद रोहित उन्हें मौका देते रहे और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज में वह मैच विनर बनकर उभरे। वेंकटेश ने विंडीज के खिलाफ आखिरी टी-20 में जबरदस्त पारी खेली और साथ ही कीरोन पोलार्ड और जेसन होल्डर जैसे दो महत्वपूर्ण विकेट भी झटके।

### वेंकटेश अय्यर बड़ी हिट लगाने में माहिर हैं

वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज में वेंकटेश भारत के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने तीन मैचों में 92 की औसत और 184 के स्ट्राइक रेट से 92 रन बनाए। आखिरी टी-20 में उन्होंने सूर्यकुमार यादव के साथ मिलकर 37 गेंदों पर 91 रन की साझेदारी कर भारत को 184 रन तक पहुंचाया था। वेंकटेश बड़ी हिट लगाने में माहिर हैं और आईपीएल 2021 में ही उन्होंने अपनी क्षमता से सबको अवगत कराया था।

### वेंकटेश अय्यर ने टीम में हार्दिक पांड्या की जगह ली

वेंकटेश का चलना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी साल ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप होना है और भारत को वहां एक फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर की जरूरत होगी। वेंकटेश इसमें अहम रोल अदा कर सकते हैं। 2021 टी-20 विश्व कप में हार्दिक पांड्या का जिस तरह का प्रदर्शन रहा था और उसके बाद बीसीसीआई का लगातार उन्हें नजरअंदाज करना बताता है कि वेंकटेश काफी हद तक टीम इंडिया के प्लान में हैं।

### रोहित की कप्तानी में दूर हुई सबसे बड़ी समस्या

वेंकटेश अगर इसी तरह अपना प्रदर्शन जारी रखते हैं, तो उन्हें हार्दिक का टीम से पत्ता साफ करने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। वेंकटेश में एक अच्छे ऑलराउंडर की पूरी काबीलियत भी दिखती है। इसके साथ ही वह ओपनर से लेकर लोअर ऑर्डर तक किसी भी बल्लेबाजी क्रम में खेलने की क्षमता रखते हैं। रोहित के कप्तान बनते और वेंकटेश के टीम में आते ही एक फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर की सबसे बड़ी परेशानी लगभग दूर हो गई है। कप्तान रोहित ने पहले ही श्रेयस अय्यर जैसे शानदार बल्लेबाज को साफ कर दिया है कि टीम में एक ऑलराउंडर की जरूरत है और वह वेंकटेश को मौका देते रहेंगे।

### सूर्यकुमार के रूप में मिला एक भरोसेमंद बल्लेबाज

इसके अलावा टीम इंडिया को सूर्यकुमार यादव के रूप में मध्यक्रम में एक शानदार बल्लेबाज भी मिल गया है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज में बता दिया कि श्रेयस पर उन्हें तरजीह दिया जाना क्यों सही था। सूर्यकुमार विंडीज के खिलाफ सीरीज में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने तीन मैचों की तीन पारियों में 53.50 की औसत और 194.54 के स्ट्राइक रेट से 107 रन बनाए। इसमें एक अर्धशतक भी शामिल है। सूर्यकुमार अगर फिट रहे तो उनका टी-20 विश्व कप के स्क्वॉड में चुना जाना तय है।

### ईशान किशन को सुधारना होगा प्रदर्शन

विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन इस साल आईपीएल मेगा ऑक्शन के सबसे महंगे प्लेयर रहे। उन्हें मुंबई इंडियंस ने 15.25 करोड़ रुपये में खरीदा, लेकिन इस टी-20 सीरीज में उनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। वे तीन पारियों में 23.66 की औसत ओर 85.54 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 71 रन बना सके। कप्तान रोहित को उन पर काफी भरोसा है और उन्हें अगर टी-20 विश्व कप के टीम में अपनी जगह पक्की करनी है, तो प्रदर्शन में सुधार करना होगा। केएल राहुल की वापसी के बाद ईशान को प्लेइंग-11 में जगह बना पाना वैसे ही मुश्किल हो सकता है। अगर वह इसी तरह प्रदर्शन करते रहे तो स्क्वॉड में भी जगह बनाना उनके लिए मुश्किल हो जाएगा।

### रवि बिश्नोई विंडीज के खिलाफ सीरीज की नई खोज

कप्तान रोहित ने इस सीरीज में युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को मौका दिया और उन्होंने इस मौके का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने तीन मैचों में महज 6.33 की इकोनॉमी रेट से रन दिए और तीन विकेट भी चटकाए। वह भारत के लिए अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन की वापसी के बाद भारत का स्पिन आक्रमण दिलचस्प रहने वाला है।

### तेज गेंदबाजी में भी दिखी धार

भुवनेश्वर कुमार का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्रदर्शन भले ही लचर रहा था, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्होंने जबरदस्त गेंदबाजी की। दीपक चाहर ने भी उनका अच्छा साथ निभाया। जसप्रीत बुमराह की वापसी के बाद भारत का पेस बॉलिंग डिपार्टमेंट भी मजबूत हो जाएगा। टीम इंडिया के पास बैकअप के तौर पर शार्दुल ठाकुर, प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षल पटेल और मोहम्मद सिराज और आवेश खान जैसे गेंदबाज मौजूद हैं। हर्षल पटेल ने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ डेथ ओवर में अच्छी गेंदबाजी की थी। वह इस सीरीज में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने तीन मैचों में पांच विकेट चटकाए। उनका इकोनॉमी रेट 8.75 का रहा।

# विजय देवरकोंडा ने तोड़ी चुप्पी



**नई दिल्ली।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के डेटिंग की खबरें सामने आ रही हैं। दोनों को कई बार साथ में स्पॉट भी किया गया है। वहीं सोमवार को कई रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया जाने लगा कि दोनों इस साल के अंत में शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। अब विजय देवरकोंडा ने अपने और रश्मिका मंदाना के रिश्ते पर चुप्पी तोड़ी है।

## बताया अपनी और रश्मिका मंदाना की शादी का सच



### ट्वीट...

विजय ने इन सभी अटकलों को अपने अंदाज में खारिज कर करते हुए एक ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा, हमेशा की तरह बकवास..क्या हम सिर्फ (रेड हार्ट इमोजी) द न्यूज से प्यार नहीं करते!। जल्द ही, उनका ट्वीट माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया। अपने ट्वीट में, अभिनेता ने न तो उस खबर की पुष्टि की जिसके बारे में वह बात कर रहे हैं और न ही रश्मिका को डेट करने से इनकार किया है।



### एक साथ कर चुके हैं कई फिल्में

बता दें कि रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडां ने दो फिल्मों, रोमांटिक कॉमेडी गीता गोविंदम (2018) और रोमांटिक एक्शन ड्रामा डियर कॉमरेड (2019) में एक-दूसरे के साथ अभिनय किया है। पर्दे पर इनकी केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर भी बेहद सफल रहीं हैं।

### ऐसे उड़ी अफवाह

दोनों सेलेब्स को एक साथ घूमते और जिम सेशन में भी देखा गया है। इसके अलावा नए साल पर प्रशंसकों को बधाई देते हुए दोनों ने सोशल मीडिया एक ही जगह की तस्वीर भी साझा की थी। जिसे देख ऐसा प्रतित हो रहा था कि रश्मिका और विजय गोवा में एक ही रिसॉर्ट में थे। इसके बाद से ही उनके कथित रोमांस की खबरें सामने आने लगीं।



# भाभीजी घर पर है

## में नई 'गोरी मेम बनेगी फ्लोरा सैनी

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे का बेहद लोकप्रिय शो 'भाबीजी घर पर हैं 'एक बार फिर चर्चा में आ गया है। कुछ साल पहले इस शो में शिल्पा शिंदे ने अच्छा प्रदर्शन किया था। सौम्या टंडन भी कोरोना वायरस महामारी के बाद शो से बाहर हो गईं। इसके बाद शो में जानी-मानी एक्ट्रेस नेहा पेंडसे की एंट्री हुई थी . इस शो में वह 'गोरी मेम यानी 'अनीता भाभी का किरदार निभा रही हैं। नेहा से पहले यह रोल एक्ट्रेस सौम्या टंडन ने कई सालों तक निभाया था। लेकिन, अब यह बात सामने आई है कि नेहा पेंडसे ने भी 'भाभी जी घर पर हैं से अच्छा काम किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक नेहा पेंडसे के जल्द ही शो छोड़ने की अफवाह उड़ी थी। दूसरी ओर, यह बताया गया कि निर्माताओं ने एक नई 'अनीता भाभी की तलाश शुरू कर दी है। लेकिन अब खबर है कि नई अनीता भाभी की क्रिएटर्स की तलाश खत्म हो गई है। ऐसे में भतीजी घर पर हैं इस शो में गोरी मेम की जगह कौन सी खूबसूरती लेगी? ये जानने के लिए फैंस भी बेताब हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस फ्लोरा सैनी अब शो में अनीता भाभी के रोल में नजर आएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माताओं ने 'अनीता भाभी के रोल के लिए फ्लोरा सैनी से संपर्क किया है। और अगर सब कुछ योजना के अनुसार हुआ, तो फ्लोरा अब दर्शकों का मनोरंजन करते हुए एक नए सुनहरे बालों वाली मीम के रूप में नजर आएंगी। दरअसल सौम्या टंडन के शो छोड़ने के बाद निर्माताओं ने फ्लोरा सैनी को रोल ऑफर किया था। लेकिन फिर उन्होंने इस भूमिका को निभाने से इनकार कर दिया।उसके बाद, भूमिका नेहा पेंडसे पर गिर गई। निर्माताओं ने अभी तक फ्लोरा सैनी के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। क्योंकि, अभी तक एक्ट्रेस की ओर से कुछ नहीं कहा गया है। फ्लोरा सैनी ने कई सीरीज समेत कई बड़ी फिल्मों में अभिनय किया है। जिसमें दबंग 2, स्त्री और बेगम जान जैसी फिल्में शामिल हैं। इसमें फ्लोरा अहम भूमिका निभाती नजर आईं। नेहा पेंडसे ने शो के लिए एक साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। अब जबकि उसका अनुबंध खत्म हो रहा है, नेहा जा रही है। बिजी शेड्यूल की वजह से नेहा की तबीयत खराब बताई जा रही है। इसलिए उन्होंने शो छोड़ने का फैसला किया है।



# हिंदी फ़िल्म कटान का मुहूर्त के साथ शूटिंग हुई शुरू




**नई दिल्ली।** सामाजिक मुद्दे पर बन रही हिंदी फिल्म कटान का मुहूर्त के साथ बाबा विश्वनाथ की पावन नगरी काशी में शूटिंग शूरू हो गयी है। फ़िल्म का निर्माण ज्येष्ठ फिल्म्स एंड एंटरटेनमेंट के बैनर तले हो रहा है जिसके निर्देशक धीरू यादव है। धीरू यादव ने फ़िल्म को लेकर ज्यादा कुछ तो नही बताया सिर्फ इतना बताया कि हमारी फ़िल्म कटान सामाजिक और सोशल सब्जेक्ट पर आधारित फिल्म है जिसकी स्टोरी एक रियलिस्टिक स्टोरी है जो गाँव मे रहने वाले छोटे छोटे किसानों की जिंदगी से जुड़ी हुई है इस फ़िल्म के माध्यम से हम उनकी समस्याओं को समाज को दिखाएंगे। बता दे आज के इस दौर में बहुत कम ही ऐसी फिल्मे होती है जो किसानों के जीवन पर होती है या उनसे जुड़ी हुई होती है उम्मीद है इस फ़िल्म से समाज को कुछ सिख मिलेगी। फ़िल्म में जितने भी कलाकार है सभी बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार है जो अपने अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके। सबसे अहम बात ये है कि इसमें जितने भी कैरेक्टर है सभी बहुत इम्पोर्टेन्ट है। फ़िल्म की कहानी स्करीनप्ले और डायलॉग धीरू यादव ने लिखा हैं और खूबसूरत गीत संगीत दिया है संतोष पुरी ने। फ़िल्म का छायांकन कर रहे है समीर जहाँगीर प्रोडक्शन हेड रामा प्रसाद और फ़िल्म प्रचारक सोनू यादव ऐडिफ्लोर व हिमांशु यादव है। फ़िल्म में गेस्ट अपीरियंस में जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ व मनोज रस्तोगी नजर आयेंगे और मुख्य भूमिका में संजय पाण्डेय,चांदनी सिंह,रचना सिंह यादव,संदीप यादव,विजय शुक्ला मनमोहन तिवारी,अमरेंद्र शर्मा,गौरी शंकर सिंह,संतोष पहलवान जुबेर शाह और रुद्राप्रताप सिंह आदि कई कलाकार नजर आयेंगे।

# उज्जैन में हुई है मंगल ग्रह की उत्पत्ति


**यशभारत के कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में पिछले अंक में आपको ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा ने बताया था कि कुण्डली और राशियां क्या है। लग्न राशि, चन्द्र राशि और सूर्य राशि के विषय में जाना साथ ही यह भी जाना कि जिस राशि में सूर्य भ्रमण कर रहा होता है, वही हमने यह भी जाना कि जिस समय हमारा जन्म होता है उस समय पूर्व दिशा में जो राशि चल रही होती है वह लग्न राशि होती है।**

यश भारत
जीवन ज्योतिष
वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं
प्रति सोमवार प्रातः 10 बजे

वही जहां सूर्य भ्रमण कर रहे होते है तो वह सूर्य राशि है साथ ही जहां पर चन्द्र भ्रमण कर रहे है वह चन्द्र राशि कहलाती है, साथ ही आज के इस एपिसोड में हम इन राशियों के महत्व पर चर्चा करने जा रहे है जिसमें हम आज मेष राशि के विषय में चर्चा करने जा रहे है। श्री वर्मा ने चर्चा के दौरान मंगल ग्रह के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि हमारे लिये यह गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश के उज्जैन में मंगल ग्रह की उत्पत्ति मानी जाती है।

### ऐसे हुआ राशियों का वर्गीकरण

श्री वर्मा बताते है कि हमारे रिषियों ने हर चीज को वैज्ञानिक तरीके से व्यवस्थित किया है, उन्होने सूर्य और चन्द्र से इसकी शुरूआत की सूर्य अग्नि तत्व है इसलिये पांच नम्बर की राशि सिंह सूर्य को दे दी वही चार नम्बर की राशि चन्द्र को दे दी, जो कर्क राशि है जो जलतत्व की राशि और शांत राशि है। जिसके बाद दोनों तरफ उन ग्रहों को इन राशियों का स्वामित्व दे दिया जो सूर्य से जो ग्रह जितनी दूरी पर है उन राशियों को उनका स्वामित्व दे दिया है। सूर्य से सबसे नजदीक होता है बुध, तो पांच नम्बर की राशि अगर सूर्य की थी तो छह नम्बर की राशि बुध को दे दी। इसी तरह चन्द्र के दूसरी तरफ भी जो राशि बुध को दे दी तो आप देखेगें की छह नम्बर की राशि बुध की है तो तीन नम्बर की राशि भी बुध की ही है। इस तरह से राशियों का वर्गीकरण किया गया है बुध फिर शुक्र फिर मंगल। इस तरह मंगल को एक नम्बर और आठ नम्बर की राशि का स्वामित्व मिला।



यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा से आशीष शुक्ला की वार्ता

### एक नम्बर की राशि मेष को ही क्यों

आपने देखा होगा कि जब भी हमारा जन्म होता है तो जन्म कही न कही खून के रिश्ते से शुरू होता है। तो मंगल जो है अग्नि है इनका नाम अंगारक भी है। श्री वर्मा बताते है कि हमारे लिये यह गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश के उज्जैन में मंगल ग्रह की उत्पत्ति मानी जाती है। इसलिये मंगल को उर्जा कहा गया है। श्री वर्मा कहते है कि यह उर्जा, अग्नि हमारे जीवन के लिये जरूरी है। चूंकि मंगल उर्जा है, अग्नि है, रक्त है और यही से जीवन की शुरूआत है तो इसलिये इसे एक नम्बर दिया गया है।

### इस तरह की गई राशियों की गणना

श्री वर्मा बताते है कि सूर्य चूंकि सबसे उच्च और शक्तिशाली होते है इस राशि में इसलिये ही सूर्य से ही राशियों की गणना शुरू की गई है। इसलिये मेष को हम नम्बर एक की राशि मानते है और इसका चिन्ह बकरें या भेड का है इसके स्वामी मंगल होते है इसमें अग्नितत्व होते है साथ ही यह राशि चलायमान होती है जो जल्दी जल्दी भ्रमण करती है वही यह राशि पृष्ठोदय होती है जो पीछे से उदय होती है। इसका मतलब यह होता है कि इस राशि में अगर कोई ग्रह चल रहा होता है तो वह बाद के समय इसका परिणाम मिलेगा। वही इस राशि की स्थिति द्वार पर होती है और यह विभिन्न प्रकार की धातुओं का प्रतिनिधित्व करती है। चूंकि यह एक नम्बर की राशि है इसलिये इसलिये इसे पुरूष राशि भी कहा जाता है।

### राशि के आधार पर व्यक्ति के गुण

श्री वर्मा कहते है कि जिन राशियों में व्यक्ति का जन्म होता है उस राशि के गुण उसके व्यक्तित्व में आते है। जैसे मेष राशि उर्जा और अग्नितत्व वाली राशि है इसलिये ऐसे राशियों के जातक त्वरित निर्णय लेते है वही इस राशि के चलायमान होने के कारण निर्णयों में बदलाव भी करते है। वही इसका चिन्ह बकरी का होने के चलते इस राशि के स्वामी का स्वाभाव भी बकरी जैसा ही सीधा साधा होता है, जिसमें किसी तरह का कोई छलावा नहीं होता और अपना काम सीधी दिशा में करते है। साथ ही ऐसे जातक कोशिश करते है कि इनकी उर्जा का लाभ समाज को भी मिले।
अगर किसी की लग्न मेंष है तो उनमें भी यही गुण होगें वहीं अगर किसी की सूर्य राशि मेष है तो उनमें भी यही गुणों की समानता होगी। श्री वर्मा कहते है कि इन राशियों के जातकों में आप इस तरह के गुणों को स्पष्ट देख सकते है। जिनमें स्वभाव से सीधापन, कार्यक्षमता अधिक और स्पष्टवादिता होने के साथ ही सामाजिक समरसता को लेकर चलतने वाले व्यक्ति इस राशि के होते है।

### अगले एपिसोड में जाने

जीवन ज्योतिष में अगले एपिसोड में अन्य राशियों के गुणों के बारे में आप जान पायेगें, जिसमें विस्तार से आप श्री वर्मा से इन राशियों की उत्पत्ति और इनके जातकों के अंदर पाये जाने वाले गुणों की चर्चा कर इन राशियों के मूल स्वभाव को भी जानेगें, यह एपिसोड आपको यशभारत के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस पर उपलब्ध है।

# आदिवासी विभाग के कमप्यूटर ऑपरेटर और छिंदवाड़ा में लेखापाल को दबोचा





## जबलपुर लोकायुक्त की छिंदबाड़ा में कार्रवाई

### जनजातीय विभाग के लेखापाल ने जन्मतिथि सुधार के लिए मांगे थे 80 हजार, 25 हजार लेते हुए लाल हुए हाथ

जबलपुर, यशभारत। लोकायुक्त ने आज मंगलवार को जबलपुर के आदिवासी विभाग के उपायुक्त कार्यालय और छिंदबाड़ा के सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यालय में रेड करते हुए एक कम्प्यूटर ऑपरेटर को पांच हजार की रिश्वत लेते हुए तो वहीं, लेखापाल को 25 हजार के रंग लगे हुए नोटों के साथ गिरफ्तार किया। लोकायुक्त की इस कार्रवाई के बाद जबलपुर और छिंदबाड़ा के दोनों कार्यालय में हड़कंप मच गया। जनजाति तथा अनुसूचित जाति विकास जबलपुर में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 कर्मचारी को आज मंगलवार को लोकायुक्त की टीम ने रंग लगे हुए नोट लेते हुए दबोच लिया । लोकायुक्त पुलिस ने यह कार्रवाई संभागीय उपायुक्त कार्यालय में की है। जिसमें आरोपी लिपिक दस हजार की रिश्वत मांग रहा था। जिसे पांच हजार की रकम लेते धर लिया गया। लोकायुक्त पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम ठिकरिया नारायणपुर जिला मंडला निवासी पवन झारिया ने लोकायुक्त एसपी संजय साहू से शिकायत की थी कि उसकी पत्नी आरती झारिया का शिक्षक वर्ग 2 में चयन हुआ है। जिस की पदस्थापना का आदेश कार्यालय संभागीय उपायुक्त जनजाति तथा अनुसूचित जाति विकास जबलपुर संभाग से निकलना था। कुछ दिन पहले जब वह उक्त कार्यालय में पहुंचा तो वहां सहायक ग्रेड 3 लिपिक मनीष परते से मुलाकात हुई। तब लिपिक मनीष ने आदेश देने के एवज में 10000 की रिश्वत मांगी । रिश्वत के पैसे लिए बिना मनीष उसकी पत्नी का आदेश जारी नहीं दे रहा है। इसके बाद लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने डीएसपी जेपी वर्मा और उनकी टीम को आरोपी लिपिक मनीष को रंगे हाथ पकड़ने के निर्देश दिए। जिसके बाद पवन ने लिपिक मनीष से बात की और आज 5000 रिश्वत देने के लिए मनीष ने पवन को अपने कार्यालय में बुलाया था।जिसके बाद लोकायुक्त की टीम ने पीड़ित को उपायुक्त कार्यालय भेजा। दोपहर में करीब 12:00 बजे जैसे ही लिपिक मनीष ने रिश्वत के 5000 लिए वैसे ही लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया।

### 25 हजार की रिश्वत लेते हुई कार्यवाही

छिंदबाड़ा में लोकायुक्त द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर चर्चाएं खूब थीं। इसका कारण सेवा पुस्तिका में जन्म सुधार के लिए जनजातीय विभाग में कार्यरत लेखापाल श्रीमती संगीता झाड़े पति प्रमोद झाड़े द्वारा बालक आदिवासी छात्रावास अमरबाड़ा में पदस्थ प्यून गंगाराम सूर्यवंशी से सेवा पुस्तिका में वास्तिवक जन्मतिथि दर्ज करने के एवज में 80 हजार रुपए मांगे थे। आवेदक रिश्वत की पहली किस्त पच्चीस हजार लेकर लेखापाल के पास जैसे ही पहुंचा, लोकायुक्त ने दबोच लिया।



# सबक : अब पुलिस के पहरे में एटीएम में लोड होगा कैश

**जबलपुर, यशभारत। तिलहरी लूट और हत्याकांड की घटना के बाद अब एटीएम में कैश पुलिस के पहरे में ही डाला जाएगा। ताकि किसी अनहोनी की आशंका होने पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। साथ ही एटीएमों को सुरक्षा प्रदान करने पुलिस लगातार पेट्रोलिंग करेगी।**

एएसपी संजय अग्रवाल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अब बैंकों के एटीएम में जब भी कैश लोड किया जाएगा, वहां पुलिस का सख्त पहरा होगा। साथ ही सभी थानों को भी यह कहा गया है कि आम गार्ड भी उन्हें सुरक्षा प्रदान करेंगे।

### पेट्रोलिंग करेगी पुलिस

जानकारी अनुसार एएसपी अग्रवाल ने बताया कि वो एटीएम जो शहर से दूर है या सूने में है, ऐसे एटीएमों को सुरक्षा प्रदान करने पुलिस का गश्ती दल बनाया जाएगा। जो लगातार एटीएम की पेट्रोलिंग करेगी। साथ ही पूरी सुरक्षा प्रदान करने, आम गार्ड भी लगाए जाएंगे।

### बैंकों को लिखा है पत्र, रखें अपना गार्ड

श्री अग्रवाल ने बताया कि शहर में बहुत से एटीएम है जहां उनका गार्ड तैनात नहीं है। ऐसे सभी बैंकों को पत्र लिखा गया है कि वह अपना गार्ड तैनात करें, क्योंकि सभी एटीएमों को सुरक्षा प्रदान करना पुलिस के लिए कठिन हो जाता है। यदि वह अपना गार्ड रखेंगे तो सुरक्षा प्रदान करने में आसानी होगी।

### ऑटो से उतर रही महिला को लोडिड वाहन ने मारी टक्कर

जबलपुर, यशभारत। गोरखपुर के जोगनी माता मंदिर रामपुर के सामने एक लोडिंग ऑटो ने ऑटो से उतर रही महिला को टक्कर मार दी। हादसे के दौरान मची चीख पुकार के बीच घायल को तत्काल अस्पताल में भतीज करवाया गया, वहीं आरोपी वाहन चालक मौके से फ़रार हो गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दजज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ग्सारसी बाई पति स्व जगत सिह गौंड 50 वषज निवासी जोधपुर थाना बरगी ने पुलिस को बताया कि जोगनी माता मंदिर के पास वह ऑटो से उतर रहीं थीं, तभी सामने से आ रहे एक लोडिड ऑटो चालक ने सीधी टक्कर मार दी।

Trusted
Since- 2009
CCTV CAMERA
Sales & Sarvice
C.P. Plus, Hikvision, Dahua
AUTH.DEALER- G.S.ELECTRONIC
0% फायनेंस उपलब्ध हैं।
शॉप नं. 127, कछपुरा ब्रिज, हनुमान मंदिर के सामने, संजीवनी नगर, गढ़ा जबलपुर
Mob:-9098983263,9131193852

वास्तविक नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन
शंकरा आई फाउंडेशन के VISION 100000 प्रोजेक्ट के अंतर्गत
दक्ष नेत्रालय
लेंस का भी चार्ज नहीं
डॉ. चैताली पटेल हर्षे
MBBS, MS, FLVPEI (LV PRASAD EYE INSTITUTE)
डॉ. कौस्तुभ हर्षे
MBBS (AFMC), DNB (GOLD MEDAL), FVRS (SANKARA)
परामर्श शुल्क 350/-
प्रथम तल, ओमेगा चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर
9111021252, 0761-4925929, 7049984830
सोम- शनि । समय: 10AM-6PM



### आईटी पार्क सड़क का कलेक्टर ने किया निरीक्षण : तय समय पर हो जाए काम

**जबलपुर,यशभारत।** आईटी पार्क की सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे स्मार्ट सिटी के चेयरमैन और कलेक्टर डॉ इलैया राजा टी स्मार्ट सिटी के कार्यपालिक निदेशक एवं निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ और सीईओ निधि सिंह राजपूत के साथ कलेक्टर ने किया दौरा बरगी हिल्स के समीप आईटी पार्क की मुख्य सड़क के निर्माण को लेकर अधिकारियों के बीच हुई गहन चर्चा सड़क निर्माण के कार्य में गति लाने दिए गए कड़े निर्देश दिए गए। स्मार्ट सिटी के द्वारा बनवाई जा रही है आईटी पार्क की मुख्य सड़क सड़क निर्माण के कार्य में गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखने निर्देश जारी किए ।कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी ने नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ के साथ आज मंगलवार की सुबह स्मार्ट सिटी द्वारा बरगी हिल्स से नयागांव विद्युत उपकेंद्र तक बनाई जा रही आई टी पार्क सड़क का निरीक्षण किया । इस मौके पर सीईओ स्मार्ट सिटी निधि सिंह राजपूत एवं कार्यपालन यंत्री शिवेंद्र सिंह भी मौजूद थे ।

आर.एण्ड आर. डायबिटिक एण्ड थायराईड क्लीनिक
Dr. Abhishek Shrivastav
MD DMsc Endocrinology (England)
Masters in Endocrinology RCP (England)
Editorial Board Member Journal of Endocrinology and Metabolism Research
Editorial Board Member MSD Research Publication
देश के जाने माने थायराइड डायबिटीज हार्मोस रोग विशेषज्ञ इंग्लैण्ड से प्रशिक्षित अपॉइंटमेंट लेने का समय सुबह10 से शाम 6 बजे तक। मो. 7869022999, 9977369339
क्लीनिक
मदन महल थाने के पास, HP पेट्रोल पंप के सामने नेपियर टाउन, जबलपुर
समय
दोपहर 12 बजे से 7 :30 बजे तक
Regd. No. 31955

आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से 70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219,7691912082

स्माईल्स by डॉ. शंकरन
व्यापक दंत चिकित्सा एवं मौखिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र
केयर ऑफ मंजूषा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम किंग्सवे
मेन रोड, सदर बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482001
0761-4098765, मो.9826110610
Website-www.smilesbydrshankaran.com
Email-info@smilesbydrshankaran.com
dr.abhilash@rocketmai.com
डॉ. अभिलाष शंकरन
बी.डी.एस., एम.डी.एस., (कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एण्ड एंडोडोंटिक्स)
रजि नं. A- 1918
रूट कैनाल एवं सौंदर्य दंत चिकित्सा विशेषज्ञ
यहॉं दांतों की सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है।
- : सुविधाएँ उपलब्ध :-
दंतों की नस का इलाज ( रूट कैनाल ट्रीटमेंट ), कॉस्मेटिक डेंटिल फिलिंग।, दंतों के पीलेपन का उपचार ( डेंटल ब्लीचिंग )।, डेंटल एक्सरे।, दंतों की सफाई ( स्केलिंग ) एवं पायरिया रोग का उपचार।, फिक्स दॉंत लगवाना ( सिरामिक एवं मेटल )।, टेढ़े दांतों का इलाज ( आर्थोडोन्टिक ट्रीटमेंट )।, बत्तीसी लगवाना- फिक्स एवं निकालने वाली ( डेन्चर )।, बच्चों के दांतों का इलाज ( पीडोडोन्टिक ट्रीटमेंट )।, डेंटल इम्प्लांट।, डेन्टल ज्वेलरी।, सड़े हुए दांतों को निकालना ( डेंटल एक्सट्रैक्शन )।

प्रो. प्रेरणा रोहरा
कुल्हड़ वाला – गरमागरम
केसर दूध
सूखे मेवे से भरपूर
विजय नगर, एकता चौक, जेन्ट्री गेट के नीचे
शाम- 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक (अवश्य पधारें) मो. 7974758785

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU. मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी ( वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ )
डॉ हर्ष सक्सेना ( वरिष्ठ न्यूरो सर्जन )
डॉ तरून नागपाल ( वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट )
डॉ विशाल वडेरा ( वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ )
डॉ एम. चंसौरिया ( वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ )
डॉ प्रशांत कुशवाहा ( वरिष्ठ न्यूरो सर्जन )
डॉ पुनीत भल्ला ( एम.डी. काडियोलॉजिस्ट )
डॉ अखिलेश पटेल ( छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी )
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S ( वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ )
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, ( POISON-UNIT ) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग- पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, नि:शुल्क उपलब्ध।
पता:- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
मकर संक्रांति के फ्रुट आयटम उपलब्ध
चना रेबड़ी गजक ड्रायफ्रूट
नमकीन तोस लईया लड्डू भेल
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )